# स्काउट गाइड ज्योति

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन की आमुख पत्रिका
वर्ष-22, अंक-08, मई-जून, 2022 (कुल पृष्ठ-32) मूल्य : रु. 15/-





राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव का राजभवन से वर्चुअल अवलोकन करते हुए राज्यपाल महोदय श्री कलराज जी मिश्र
एवं जनजाति स्काउट गाइड के साथ स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य (नीचे)












**जिला मुख्यालय भवन पाली के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य, फीता काटकर भवन का लोकार्पण करते हुए श्री आर्य एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनन्दन करते हुए सी.ओ. स्काउट पाली एवं पाली के अन्य पदाधिकारीगण**

स्काउट गाइड ज्योति
वर्ष : 22 अंक : 08
मई-जून, 2022

**सलाहकार मण्डल**

**निरंजन आर्य**
आई.ए.एस. (से.नि.)
स्टेट चीफ कमिश्नर

**काना राम,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (स्काउट)

**निर्मल पंवार**
स्टेट कमिश्नर (रोवर)

**डॉ. भंवर लाल,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (कब)

**महेन्द्र कुमार पारख,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**रूक्मणि आर.सिहाग,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (गाइड)

**शुचि त्यागी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (रेंजर)

**टीना डाबी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (बुलबुल)

**मुग्धा सिन्हा,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**स्टेट कमिश्नर (हैडक्वार्टर्स-स्काउट)**
**नवीन महाजन,** आई.ए.एस.
**नवीन जैन,** आई.ए.एस.
**डॉ. एस.आर. जैन**
**एस.के.सोलंकी,** आई.ए.एस.(से.नि.)
**डॉ. अखिल शुक्ला**

**राज्य आयुक्त (अहिंसा, शांति-समन्वय)**
**मनीष कुमार शर्मा**

**राज्य कोषाध्यक्ष**
**ललित कुमार मोरोडिया**
राज.लेखा सेवा

**सम्पादक**

**डॉ. पी.सी.जैन**
राज्य सचिव

**सहायक सम्पादक**

**नीरज जैन**




## इस अंक में

| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| दिशाबोध | 4 |
| संपादकीय | 4 |
| विशेष : जिला मुख्यालय भवन लोकार्पण | 5 |
| राज्य स्तरीय एडवांस एवं बेसिक कोर्स | 6 |
| स्काउट भामाशाहों ने संभाली कमान विकास की | 7 |
| राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव | 8 |
| हमारा स्वास्थ्य : योग के 10 फायदे | 12 |
| स्काउटिंग एक खेल | 13 |
| गतिविधि दर्पण | 14 |
| माध्यमिक शिक्षा निदेशक का किया स्वागत | 21 |
| सेवा कार्यों का सम्मान | 21 |
| वार्षिक कार्यक्रम 2022-23 | 22 |
| राज्य स्तरीय मण्डलवार जम्बूरी सेवा शिविर | 26 |
| जिला मूल्यांकन एवं समन्वय समिति सभा | 27 |
| हमारे महापुरूष : राम प्रसाद 'बिस्मिल' | 28 |
| विश्व पृथ्वी दिवस पर लगाये गये परिण्डा/चुग्गापात्र | 30 |
| गतिविधि पंचाग | 30 |

## लेखकों से निवेदन

स्काउट गाइड ज्योति का प्रकाशन मात्र प्रकाशन भर नहीं है बल्कि यह पत्रिका हमारे संगठन का दर्पण है, जो आयोजित हो चुकी गतिविधियों को प्रस्तुत करने, संगठन के कार्यों और इसके प्रशिक्षण तथा अन्य समाजोपयोगी क्रियाकलापों के विचारों को प्रकट करने का सशक्त माध्यम है।

समस्त पाठकों, सृजनात्मक एवं रचनाधर्मी प्रतिभाओं से स्वलिखित, मौलिक व पूर्व में अप्रकाशित स्काउटिंग गाइडिंग से संबंधित लेख, यात्रा वृतान्त, कैम्प क्राफ्ट संबंधी लेख, प्रशिक्षण विधि, पाठक प्रतिक्रिया आदि प्रकाशनार्थ आमंत्रित हैं। आपके अनुभव प्रत्येक स्काउट गाइड के लिए अमूल्य हैं। आप द्वारा प्रेषित सामग्री आपके नाम व फोटो के साथ प्रकाशित की जावेगी। लेख स्पष्ट टंकित हो तथा उस पर यह अवश्य लिखा हो कि 'यह लेख मौलिक एवं अप्रकाशित है'।

प्रकाशनार्थ सामग्री हमारी ईमेल आई.डी. **scoutguidejyoti@gmail.com** पर भिजवाई जा सकती हैं।

| स्काउट गाइड ज्योति वार्षिक सदस्यता शुल्क | | आजीवन सदस्यता शुल्क |
|---|---|---|
| व्यक्तिगत शुल्क :100/- | संस्थागत शुल्क:150/- | 1200/- |

शुल्क राशि राज्य मुख्यालय जयपुर पर एम.ओ. अथवा 'राजस्थान स्टेट भारत स्काउट एण्ड गाइड, जयपुर' के नाम डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा जमा कराई जा सकती है।

नोट : स्काउट गाइड ज्योति में छपे/व्यक्त विचार प्रस्तोता के अपने हैं। यह जरूरी नहीं है कि संगठन इनसे सहमत ही हो।

# दिशाबोध



## ग्रीष्मावकाश :: प्रफुल्लित होने का मौसम

प्रत्येक माता–पिता की चाहत है कि उनका बच्चा मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक रूप से सक्षम और सुदृढ़ बनें और इसके लिए वे हर सम्भव सुख–सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयत्न करते हैं। अच्छी शिक्षा के लिए अच्छे विद्यालय का चयन कर उसमें दाखिला करा कर अपने बच्चे को होनहार बनता देखना हर माता–पिता का सपना होता है। यहाँ तक के प्रयास तो मानसिक और बौद्धिक सुदृढ़ता प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं, परन्तु अक्सर देखा जाता है कि शारीरिक रूप से सक्षम बनाने की ओर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। मैं इतना कहना चाहता हूँ कि ग्रीष्मावकाश शारीरिक विकास का सबसे उपयुक्त समय है। इसमें बच्चों को छुट्टियों का आनन्द लेने दें, खेल–कूद, दौड़–भाग, भ्रमण आदि के लिए प्रोत्साहित कर उन्हें अपने आपको समझने का थोड़ा वक्त दें। ग्रीष्म अवकाश बच्चों की खुशियाँ है, उससे समझौता ना करें। इन खुशियों में स्काउट गाइड संगठन भी विविध गतिविधियों के आयोजन के माध्यम से आपका साथ देने को तत्पर है।

स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर समन्वय एवं सद्भावना के साधक हैं, सेवा के सैनिक हैं और प्रकृति के प्रहरी हैं। इन्हें और अन्य छात्र–छात्राओं को साधना, सेवा और समर्पण भाव की विशिष्ट खुशियाँ देने और अन्तर्मन को प्रफुल्लित करने के लिए यह संगठन विविध रूचिकर कार्यक्रमों के साथ पूरी तरह तैयार है।

अन्त में सभी से आव्हान है कि ग्रीष्मावकाश के आनन्द में आत्मविभोर होना बहुत जरूरी है, परन्तु इस दौरान हमें अपने कर्त्तव्यों का भी निर्वहन करना है। पक्षियों के लिए परिण्डे और चुग्गा पात्र बांध कर उनमें नियमित पानी और चुग्गे की व्यवस्था करना हमारा दायित्व है और पथिकों व राहगीरों के लिए पानी पिलाने का काम भी तो हम सभी को मिलकर करना है।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड से जुड़े हुए समस्त शिक्षा अधिकारियों, शिक्षकगण एवं समस्त युवा ऊर्जावान विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं...

**निरंजन आर्य**
**स्टेट चीफ कमिश्नर**

# संपादकीय



गत माह मुझे स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र आबूपर्वत पर आयोजित गतिविधियों के अवलोकन का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान स्काउट गाइड व स्काउटर गाइडर में स्काउटिंग गाइडिंग के प्रति रूझान देख कर प्रतीत हुआ कि इस संगठन में वो शक्ति है जो इनमें अनुशासन, संकल्प और सेवा का संस्कार उत्पन्न कर राष्ट्र निर्माण की नींव रखने में सक्षम है।

गर्मियों में आबूपर्वत पर स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित अनेक गतिविधियां हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यहाँ पर अनेक प्रशिक्षण शिविरों के साथ साहसिक शिविरों का रोमांच इस संगठन का यादगार शिविर होता है। कब–बुलबुल, स्काउट गाइड के लिए अभिरूचि शिविरों का संचालन प्रत्येक स्तर पर किया जा रहा है। आप सभी को अपने घर के नजदीक की इन केन्द्रों पर जीविकोपार्जन का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक अनेक कलाओं को सिखाने का बन्दोबस्त किया गया है। इनके द्वारा हस्तकला, पाक कला, कम्प्यूटर, सिलाई, डांस, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट आदि अनेक विषयों का प्रायोगिक ज्ञान उपलब्ध होता है। हमारा यह प्रयास स्वरोजगार की दिशा में एक सार्थक कदम है। बालिकाओं में साहस और हिम्मत का संचार कर स्वरक्षा के गुरू सिखाने की दृष्टि से अभिरूचि शिविरों में विशेष रूप से आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जो सराहनीय है।

स्काउटिंग–गाइडिंग जीवन में काफी सकारात्मक बदलाव करने में अपनी अहम भूमिका निभाती है। इन्हीं सकारात्मक बदलावों के साथ संगठन का प्रत्येक सदस्य अपने सपनों को साकार करता है।

मेरी ओर से सभी को शुभकामनाएं....

**डॉ. पी.सी. जैन**
**राज्य सचिव**

विशेष

# जिला मुख्यालय भवन लोकार्पण

## राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने किया मुख्यालय भवन व स्काउट हट का लोकार्पण



राज्य मुख्यायुक्त महोदय श्री निरंजन आर्य द्वारा 23 मई, 2022 को जिला मुख्यालय एवं जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी, पाली में जिला मुख्यालय भवन और भामाशाह द्वारा निर्मित स्काउट हट का लोकार्पण किया गया।

श्री आर्य के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में समाजसेवी महावीर सिंह सुकरलाई, पुलिस अधीक्षक पाली राजन दुष्यंत, जिला शिक्षा अधिकारी पाली मदन पंवार, पूर्व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पाली जगदीश चंद्र राठौड़, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी तुलसीराम चौहान, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर पाली बसंत परिहार, जीवराज बोराणा, प्रकाश सांखला, जोगाराम सोलंकी, अगराराम चौधरी पूर्व जिला खेल अधिकारी, डॉ. के.एम. शर्मा, सी.ओ. स्काउट गोविन्द मीना, सी.ओ. गाइड डिम्पल दवे, पुरुषोत्तम पूरी गोस्वामी, मोहन सिंह, चुन्नीलाल, शिवप्रसाद सोनी, मूलाराम पंवार, उर्मिला यति, मदन जावड़ा, अनिला जी, गणपत लाल, भगवान सिंह, दीपक जावा, अवधेश लखावत, प्रभु प्रजापति एवं जिले के समस्त स्थानीय संघ सचिव, स्काउटर गाइडर सहित 250 से अधिक स्काउट गाइड सदस्य उपस्थित रहे।

### भामाशाह का किया सम्मान

लोकार्पण समारोह में सलाहकार माननीय मुख्यमंत्री जी एवं राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य ने स्काउट हट का निर्माण कराने वाले भामाशाह उम्मेद मल एवं परिवार को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा भामाशाह और समाजसेवी मनोज लखेरा को उनके द्वारा स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पर सहयोग प्रदान करने पर उनका बहुमान किया गया।




भामाशाहों का सम्मान करते हुए राज्य मुख्य आयुक्त

# राज्य स्तरीय एडवांस एवं बेसिक कोर्स






राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय स्काउट यूनिट लीडर एडवांस कोर्स, कब यूनिट लीडर एडवांस कोर्स एवं ग्रामीण रोवर लीडर बेसिक कोर्स शिविर 18 से 24 मई, 2022 तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र नं.1 माउण्ट आबू पर आयोजित किये गये। तीनों शिविर बाबूसिंह राजपुरोहित, सहायक राज्य संगठन आयुक्त मण्डल जोधपुर के निर्देशन में आयोजित किये गये।

स्काउट यूनिट लीडर एडवांस कोर्स में 59 संभागी 07 स्टाफ तथा कब यूनिट लीडर में 12 संभागी, 04 स्टाफ तथा ग्रामीण रोवर लीडर बेसिक कोर्स में 14 संभागी तथा 04 स्टाफ ने सहभागिता की। इन शिविरों में राज्य के समस्त जिलों से आये संभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।

शिविर में आपदा प्रबन्धन, कम्पास दिशा ज्ञान, पराम्परागत चिन्ह, नक्शा व बियरिंग्स ग्रीड नम्बर नक्शा बनाना आदि, छः माह सामुदायिक विकास योजना व लॉग बुक तैयार करना, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, एक रात्रि साहसिक हाईक, राष्ट्रपति दक्षता बैज, कैन्डर स्टेज, एडवेंचर केन्द्र की जानकारी, वोजम वेबसाइट व ऐशिया पैसेफिक रीजन की सूचनाएं कैसे प्राप्त की जाती है, एम्बूलेन्स मैन बैज, प्रोजेक्ट निर्माण, टेण्ट पिचिंग आदि का प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। साथ ही स्काउटिंग के सिद्धान्त, नियम, प्रतिज्ञा, प्रथम सोपान से तृतीय सोपान तक गांठो, प्राथमिक सहायता, स्काउट की उत्पत्ति व प्रसार, चिन्ह व सैल्युट, विभिन्न ध्वज की जानकारी आदि की भी जानकारी पुनः प्रदान की गयी।

शिविर के सफल संचालन में बाबूसिंह राजपुरोहित, ए.एस.ओ.सी स्काउट म.मु जोधपुर (संचालक स्काउट यूनिट लीडर एडवांस कोर्स ग्रुप अ), एल.आर. शर्मा डीओसी स्काउट रा.मु, जयपुर (संचालक स्काउट यूनिट लीडर ग्रुप ब), श्रीराम आर्य (संचालक ग्रामीण रोवर लीडर बेसिक कोर्स), बंशीधर शर्मा (संचालक कब यूनिट लीडर एडवांस कोर्स), भंवरलाल शर्मा पीसांगन (अजमेर), भंवरसिंह राठौड़ आगुन्ता (अजमेर), शंकर सिंह दहिया पाली, सुभाषचन्द्र उदयपुर, रामावतार सबलानिया झुन्झुनूं, सुगनाराम चौधरी बीकानेर, बाबूद्दीन काठात, मुकेश कुमार सैनी, कोटपुतली, प्रदीप चित्तौड़ा कोटा, नरेन्द्र कुमार खोरवाल (क्वाटर मास्टर) सिरोही ने संचालन में सहयोग प्रदान किया। शिविरावधि के दौरान पाठ्यक्रम की हाईक के माध्यम से यूनिट लीडर्स को आबू पर्वत दर्शनीय स्थलों का भ्रमण भी करवाया गया।

## शिविर का अवलोकन

राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन द्वारा शिविर का निरीक्षण कर संभागियों से वार्ता कर उनके द्वारा बनाये गए मॉडल टेन्ट, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, आदर्श ग्राम, कब डेन, हट्स इत्यादि का निरीक्षण किया। राज्य सचिव महोदय ने माननीय स्टेट चीफ कमिश्नर महोदय का संदेश संभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें आगामी 3 वर्षों में राजस्थान राज्य में कुल स्काउट्स की संख्या 20 लाख के पार करने का लक्ष्य दिया गया।





# स्काउट भामाशाहों ने संभाली कमान विकास की

## प्रशिक्षण केन्द्र बनाथला (सीकर) में विकास कार्य प्रगति पर

### स्काउट गाइड सदस्य बने प्रशिक्षण केंद्र के भामाशाह

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ दांता, जिला सीकर के प्रशिक्षण केंद्र बनाथला के विकास के लिए खुद ही स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने संभाली कमान और 17 अक्टूबर 2021 से 30 अप्रेल 2022 तक करीब 19 लाख 70 हजार रुपए का विकास कार्य करवाया जा चुका है।

पहला चबूतरा कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देते हुए सी.ओ. (स्काउट) सीकर बसंत कुमार लाटा ने बनवाया, उसके बाद दानदाताओं व भामाशाहों का कारवां बढ़ता गया और विकास ने रफ्तार पकड़ी।

**अब तक हुए विकास कार्य-**

1— 20 कार्यकर्ताओं ने 21—21 हजार रुपए प्रदान कर टेंट लगाने हेतु एक—एक पक्का चबूतरा बनवाया। कुल राशि रूपये 4 लाख 20 हजार का सहयोग प्राप्त हुआ।

2— 1 लाख 50 हजार की लागत से स्काउटर, विद्यालयों के संस्था प्रधानों ने तीन तरफ की तारबंदी एवं पौधारोपण कार्य करवाया।

3— कब मास्टर प्रह्लाद जी शर्मा द्वारा 3 लाख की लागत से एक कमरा बनवाया गया।

4— स्थानीय ठेकेदार के सहयोग से 2 लाख लागत की ट्रेनिंग सेंटर तक की सीमेंटेड सड़क का निर्माण।

5— जिला परिषद के सहयोग से शौचालय ब्लॉक का निर्माण जिसकी लागत 3 लाख है।

6— विधायकों के सहयोग से 6 लाख की लागत का एक हॉल का निर्माण कार्य चल रहा है।







# राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में 21 से 25 अप्रेल 2022 तक जिला मुख्यालय, बांसवाड़ा में स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरजंन आर्य के निर्देशन में राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव का 21 अप्रेल को लियो संस्थान बांसवाड़ा में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अर्जुनसिंह बामनिया राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान सरकार, अध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा, जिला कलक्टर बांसवाड़ा तथा विशिष्ट अतिथि जैनेंद्र त्रिवेदी सभापति नगर परिषद बांसवाड़ा रहे।

राष्ट्रीय जनजाति स्काउट गाइड महोत्सव का आयोजन माननीय राज्यपाल महोदय, राजस्थान की सोच के अनुसार जनजाति संस्कृति के व्यापक प्रचार प्रसार को ध्यान में रखते हुए राजस्थान प्रदेश के 9 जिलों एवं जनजाति बाहुल्य प्रदेशों के मेल– मिलाप के लिए किया गया।

दिनांक 21 अप्रेल, 2022 को स्काउट गाइड ने स्थानीय वागड़ी गीतों के माध्यम से स्वागत गीत गाते हुए तिलक, आरती कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर उद्‌घाटन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री महोदय को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला कलक्टर का डीईओ मावजी खांट ने पगड़ी पहनाकर व शैलेन्द्र भट्ट ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। जैनेंद्र त्रिवेदी सभापति का पवन कुमार सर्राफ ने पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र पण्ड्या ने अतिथियों को कार्यक्रम के फोल्डर भेंट किए।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री अर्जुनसिंह बामनिया ने कहा कि स्काउट–गाइड को अनुशासन के लिए जाना जाता है। यह हमें किसी भी परिस्थिति में जीवन जीने की कला के साथ ही प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अनुशासित जीवन जीने को प्रेरित करता है। इससे इंसानियत को बढ़ावा मिलता है। राज्यमंत्री बामनिया ने कहा कि जनजाति महोत्सव में सहभागिता करने वाले प्रशिक्षकों व स्काउट गाइड ने प्रतिकूल मौसम होने के बाद भी जिस अनुशासन में रह कर तैयारी की है वह प्रशंसनीय है। जिला मुख्यालय पर स्काउट्स गाइड्स के लिए प्रशिक्षण केंद्र पर 30 लाख रूपये की लागत से हॉल बनवाने की घोषणा की गई, जिससे स्काउट गाइड की गतिविधियों के आयोजन में सुविधा रहेगी।



जिला कलक्टर प्रकाश चंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा देने के साथ ही उन्हें अनुशासित बनाए रखने के लिए स्काउटिंग गाइडिंग जरूरी है। नगर परिषद सभापति जैनेंद्र त्रिवेदी ने आयोजन के लिए प्रशंसा की और कहा की कोरोना महामारी की विपरीत परिस्थितियों में स्काउट गाइड ने जो कार्य किया है वो प्रशंसनीय है।

गोपाराम माली, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) ने सभी अतिथियों एवं संभागियों का शाब्दिक स्वागत किया। उन्होंने जानकारी दी की जनजाति बालक बालिकाओं को इस प्रकार की गतिविधियों से ऐसा मंच मिलता है, जिससे वो अपनी प्रतिभा को, अपनी संस्कृति को सभी तक सशक्त माध्यम से रख सकते हैं। श्री माली ने अवगत कराया कि गत 5 वर्षों से जनजाति मूट/मीट, जनजाति स्काउट गाइड जम्बूरेट, मिनी जम्बूरी का आयोजन किया गया है।

## द्वितीय दिवस

दिनांक 22.04.2022 को राष्ट्रीय जनजाति स्काउट गाइड महोत्सव में सहभागिता कर रहे स्काउट व गाइड को वागड़ की संस्कृति से रूबरू करवाने हेतु ''सांस्कृतिक व ऐतिहासिक भ्रमण'' करवाने हेतु श्री अभय मुदगल, जिला परिवहन अधिकारी बांसवाड़ा ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

इस दौरान प्रतिभागियों को बसों के माध्यम से बेणेश्वर धाम, त्रिपुरा सुंदरी माता मंदिर ले जाया गया, जहाँ पर ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को देख अभिभूत हुए प्रतिभागी।

### एडवेंचर एवं फन गतिविधियों में प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह

दिनांक 22 अप्रेल को सभी संभागियों को कागदी पिकअप पर एडवेंचर एवं फन गतिविधिया करवाई गई, जिसमें सभी ने अपने साहस का प्रदर्शन किया। वहीं साथ में कागदी बांध पर सभी ने पानी पूरी, कुल्फी, बर्फ गोला और गन्ने के रस का लुत्फ उठाया।



## तृतीय दिवस

दिनांक 23 अप्रेल 2022 को जनजाति महोत्सव के तीसरे दिन माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अर्न्तगत गोद लिए गए सागेता गाँव में स्वच्छता बनाए रखने के लिए राज्य संगठन आयुक्त गोपाराम माली एवं जिला परिषद के मुख्य कार्य अधिकारी भवानी सिंह पालावत के नेतृत्व में स्काउट गाइड दलों ने स्वच्छता अभियान चलाया तथा लोगों को प्लास्टिक के उपयोग और उससे होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्लास्टिक उपयोग नहीं करने और अपने आस–पास साफ–सफाई व स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

## झाँकी प्रदर्शन कार्यक्रम

**23 अप्रेल को सायंकाल 4 बजे से जनजाति महोत्सव में बांसवाड़ा डूंगरपुर के सांसद कनकमल कटारा के मुख्य आतिथ्य व मीरा गोल्ड के निखिल जैन के विशिष्ट आतिथ्य में विभिन्न राज्यों से आए स्काउट गाइड ने अपनी संस्ति दर्शाने हेतु झांकी के माध्यम से धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक प्रस्तुत की।**

**मुख्य अतिथि श्री कटारा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड का मुख्य उद्देश्य सेवा भाव है जो बाढ़, भूकंप, आगजनी व प्रातिक आपदा में लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। जाति–धर्म से परे हटकर पीड़ितों की सहायता करना इनका उद्देश्य होता है। विभिन्न राज्यों की झाँकी देखकर सांसद महोदय ने बताया कि आज यहाँ आकर मुझे लघु भारत के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।**

**पंजाब, छत्तीसगढ़, आसाम, महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश राज्य के साथ राजस्थान के आदिवासी जिलों बांसवाड़ा, उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, सिरोही, पाली, बारां, राजसमंद व प्रतापगढ़ के स्काउट गाइड ने राजस्थान की आदिवासी संस्कृति को झांकी के माध्यम से प्रदर्शित करने का प्रयास किया। इन झांकियों का मुख्य आकर्षण इनकी विभिन्न प्रकार की वेशभूषा थी।**

अभियान के दौरान गांव में चौक, मंदिर, मां बाड़ी केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय के आस पास फैले प्लास्टिक को एकत्र कर ट्रेक्टर ट्राली में भर कर निस्तारण करवाया गया। गांव में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्लास्टिक जमा कर गांव को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया गया। उनके इस प्रयास को देखकर गांव के लोगों ने भी सहयोग किया और इस अभियान को अपनी दैनिक चर्या में शामिल करने का आश्वासन दिया।

जनजाति महोत्सव के तीसरे दिन ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी, अध्यक्ष वाग्धरा संस्थान के सचिव जयेश जोशी तथा विशिष्ट अतिथि खनन व्यवसायी देवेन्द्र त्रिवेदी रहे। मुख्य अतिथि श्री भाटी ने स्काउटिंग के महत्व को बताते हुए कहा की प्रतिकूलता में अनुकूलता स्थापित करने का हुनर स्काउटिंग से मिलता है। उन्होंने कहा की स्काउटिंग का अनुशासन अपने आप में प्रशंसनीय है। जनजाति महोत्सव का आयोजन बांसवाड़ा में होना वागड़ का सौभाग्य है।

इस अवसर पर वाग्धरा संस्थान के सचिव जयेश जोशी तथा समाजसेवी व खनन व्यवसायी देवेंद्र त्रिवेदी ने स्काउटिंग गतिविधियों की बात करते हुए राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की।

गाइड्स ने बधावा तथा आसाम राज्य के स्काउट गाइड ने अपने लोकनृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया। बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ, प्रतापगढ, राजसमंद पाली, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश के संभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पिरामिड्स एवं स्काउट गाइड बैण्ड की प्रस्तुतियां दी।

दिनांक 23 अप्रेल 2022 को प्रातः 11 बजे विभिन्न राज्यों एवं राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने अपने अपने क्षेत्रों की स्थानीय कला, संस्कृति, खान–पान, पहनावा आदि की "लोक संस्कृति प्रदर्शनी" लगाई, जिसका उद्घाटन जिला कोषाधिकारी अरविंद शर्मा एवं सत्येंद्र कुमार शाह ने किया। प्रदर्शनी में विभिन्न संस्कृति, खान पान, पहनावे व ऐतिहासिक स्थलों आदि की झलक देखने को मिली तथा एक–दूसरे राज्यों की संस्कृति से रूबरू हुए।

### चतुर्थ दिवस

राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव के चतुर्थ दिवस मुख्य कार्यक्रम राजस्थान के राज्यपाल श्रीयुत कलराज जी मिश्र के मुख्य आतिथ्य (वर्चुअल), स्टेट चीफ कमिश्नर व पूर्व मुख्य सचिव राजस्थान निरंजन आर्य की अध्यक्षता तथा जिला कलक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा व जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ।

समारोह के शुभारंभ में गाइड्स द्वारा मुख्य द्वार पर अतिथियों का बधावा कर तथा स्काउट्स द्वारा लोकनृत्य के साथ स्वागत किया गया। अतिथियों को राज्य संगठन आयुक्त गोपाराम माली ने स्कार्फ पहनाकर तथा जिला कलक्टर द्वारा स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया।

सर्वप्रथम राज्यपाल महोदय ने वर्चुअल रूप से संविधान की प्रस्तावना एवं मूल कर्तव्यों का वाचन किया। विभिन्न राज्यों एवं राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए स्काउट गाइड ने सामूहिक नृत्य के माध्यम से अपनी संस्कृति को दर्शाया।

### राज्यपाल का आशीर्वचन

स्काउट गाइड संगठन सेवा और समर्पण से जुड़ा हुआ है इससे विद्यार्थी कर्मठ, प्रखर, पुरुषार्थी और स्वावलंबी बनता है। उक्त उद्गार माननीय राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने वीसी के माध्यम से स्काउट को संबोधित करते हुए कहे। बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 275 में राज्यों को विशेष अनुदान प्रदान करने, जनजाति सशक्तिकरण के प्रयास आदि का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदाय में कुछ कुरीतियां है, जिन्हें स्काउट संगठन जनजागरण और स्वावलंबन के कार्यों से खत्म कर सकता है। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना और कर्तव्यों को शपथ






जिला कलक्टर प्रकाश चंद्र शर्मा ने आभार प्रदर्शित करते हुए इस आयोजन को बांसवाड़ा जिले के लिए गौरवमयी बताया। इस अवसर पर बास्केटबाल के अध्यक्ष ललित कलाल, समाज सेवी हरीश कलाल आदि मौजूद रहे। आयोजन का सबसे बड़ा और आकर्षक मेगा शिविर ज्वाल कार्यक्रम देर रात तक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी प्रान्तों और जिलों से आए संभागियों ने अपने–अपने राज्य और क्षेत्र की लोक संस्कृति को दर्शाते हुए लोक नृत्य प्रस्तुत किए।

भी दिलाई, और यह बताया कि राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए राज्य सरकार ने बजट घोषणा में 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। माननीय राज्यपाल महोदय ने कहा कि हमारी संस्कृति सबके कल्याण की कामना करती है। उन्होंने शहीदी मानगढ़ धाम के गोविन्द गुरु एवं काली बाई जैसे महापुरुषों का स्मरण भी किया। श्री मिश्र ने 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस घोषित करने का उल्लेख करने के साथ ही स्काउटिंग के मूल मंत्र मुस्कुराते रहो तैयार रहो और सेवा से ही मानव मात्र का कल्याण है का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वयंसेवी गैर राजनीतिक और शैक्षिक आंदोलन से बिना किसी भेदभाव के मनुष्य को जीवन में बहुत कुछ सिखाने का उपक्रम किया जा सकता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड ने लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी।

अध्यक्षता करते हुए स्टेट चीफ कमिश्नर एवं राज्य के पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने स्वागत उद्‌बोधन दिया। उन्होंने आगामी वर्ष में पाली जिले के रोहट में प्रस्तावित राष्ट्रीय जम्बूरी की जानकारी दी। माननीय राज्यपाल महोदय की स्वीकृति से उनकी वर्चुअल मौजूदगी में स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरजंन आर्य, जिला कलक्टर श्री प्रकाश चन्द्र शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार मीना ने चयनित 96 स्काउट, गाइड, रोवर व रेंजर को राज्य पुरस्कार अवार्ड प्रदान किये।

## पंचम दिवस

राष्ट्रीय जनजाति स्काउट गाइड महोत्सव का समापन 25 अप्रेल को हुआ। समापन कार्यक्रम में शिविरावधि में आयोजित विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं, साहसिक गतिविधियों एवं झांकी प्रदर्शन में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले स्काउट गाइड और सेवा कार्य कर रहे सर्विस रोवर्स रेंजर्स को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आखिरी दिन आयोजित इस सम्मान समारोह जिला कलेक्टर प्रकाश चन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने की। कार्यक्रम के शुरुआत में राज्य और संगठन आयुक्त (स्काउट) एवं इस आयोजन के प्रधान संचालक व गोपाराम माली ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्काउट गाइड ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही आयोजन के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रतिनियुक्त स्काउटर, गाइडर, संगठन के पदाधिकारियों एवं भामाशाहों को भी स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ध्वजावतरण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।

हमारा स्वास्थ्य

# योग के 10 फायदे




डॉ. पी.सी. जैन
राज्य सचिव
संकलनकर्ता


**जहाँ एक तरफ योगासन मांस पेशियों को पुष्टता प्रदान करते हैं जिससे दुबला पतला व्यक्ति भी ताकतवर और बलवान बन जाता है वहीं दूसरी ओर योग के नित्य अभ्यास से शरीर से फैट भी कम हो जाता है। इस तरह योग कृष और स्थूल दोनों के लिए फायदेमंद है।**

योग भारत की प्राचीन संस्कृति का गौरवमयी हिस्सा है जिसकी वजह से भारत सदियों तक विश्व गुरु रहा है। योग एक ऐसी सुलभ एवं प्राकृतिक पद्धति है जिससे स्वस्थ मन एवं शरीर के साथ अनेक आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किये जा सकते हैं। जिस योग को ऋषि–मुनियों ने गुफाओं और कंदराओं में विकसित किया वह आज आम जन तक पहुँचा है। उसी योग को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक कदम आगे बढाकर विश्व पटल पर स्थापित कर दिया है।

## अपनाएं योग रहें निरोग

यह योग में विश्व का दृढ विश्वास ही है की जिसकी वजह से 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखे गये प्रस्ताव को 177 देशो ने अत्यंत सीमित समय में पारित कर दिया।

## योग क्या है ?

योग शब्द संस्कृत की 'युज' धातु से बना है जिसका अर्थ है जोड़ना यानि शरीर, मन और आत्मा को एक सूत्र में जोड़ना। योग के महान ग्रन्थ 'पतंजलि योग दर्शन' में योग के बारे में कहा गया है–

*"योगश्च चित्तवृत्ति निरोधः"*

अर्थात मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करना ही योग है।

गीता में कहा गया है –

*योगः कर्मसु कौशलम।*

यानि कर्मों में कौशल या दक्षता ही योग है।

## योग के १० फायदे

1) योग का प्रयोग शारीरिक, मानसिक और आध्यत्मिक लाभों के लिए हमेशा से होता रहा है। आज की चिकित्सा शोधों ने ये साबित कर दिया है की योग शारीरिक और मानसिक रूप से मानव जाति के लिए वरदान है।

2) जहाँ जिम आदि से शरीर के किसी खास अंग का ही व्यायाम होता है वहीं योग से शरीर के समस्त अंग प्रत्यंगों, ग्रंथियों का व्यायाम होता है जिससे अंग प्रत्यंग सुचारू रूप से कार्य करने लगते हैं।

3) योगाभ्यास से रोगों से लड़ने की शक्ति बढती है। बुढ़ापे में भी जवान बने रह सकते हैं त्वचा पर चमक आती है शरीर स्वस्थ, निरोग और बलवान बनता है।

4) जहाँ एक तरफ योगासन मांस पेशियों को पुष्टता प्रदान करते हैं जिससे दुबला पतला व्यक्ति भी ताकतवर और बलवान बन जाता है वहीं दूसरी ओर योग के नित्य अभ्यास से शरीर से फैट भी कम हो जाता है। इस तरह योग कृष और स्थूल दोनों के लिए फायदेमंद है।

5) योगासनों के नित्य अभ्यास से मांसपेशियों का अच्छा व्यायाम होता है। जिससे तनाव दूर होकर अच्छी नींद आती है, भूख अच्छी लगती है, पाचन सही रहता है।

6) प्राणायाम के लाभ – योग के अंग प्राणायाम एवं ध्यान भी योगासनों की तरह शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। प्राणायाम के द्वारा श्वास प्रश्वास की गति पर नियंत्रण होता है जिससे श्वसन संस्थान सम्बन्धित रोगों में बहुत फायदा मिलता है। दमा, एलर्जी, साइनोसाइटिस, पुराना नजला, जुकाम आदि रोगों में तो प्राणायाम बहुत फायदेमंद है ही साथ ही इससे फेफड़ों की ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ जाती है जिससे शरीर की कोशिकाओं को ज्यादा ऑक्सीजन मिलने लगती है जिसका पूरे शरीर पर सकारात्मक असर पड़ता है।

7) ध्यान के लाभ – ध्यान भी योग का अति महत्वपूर्ण अंग है। आजकल ध्यान यानि मेडिटेशन का प्रचार हमारे देश से भी ज्यादा विदेशों में हो रहा है। आज की भौतिकता वादी संस्कृति में दिन रात भाग दौड़, काम का दबाव, रिश्तों में अविश्वास आदि के कारण तनाव बहुत बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में मेडिटेशन से बेहतर और कुछ नहीं है। ध्यान से मानसिक तनाव दूर होकर गहन आत्मिक शांति महसूस होती है, कार्य शक्ति बढती है, नींद अच्छी आती है। मन की एकाग्रता एवं धारणा शक्ति बढ़ती है।

8) योग से ब्लड शुगर का लेवल घटता है और ये बैड कोलेस्ट्रोल को भी कम करता है। डायबिटीज रोगियों के लिए योग बेहद फायदेमंद है।

9) कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि कुछ योगासनों और मेडिटेशन के द्वारा आर्थराइटिस, बैक पेन आदि दर्द में काफी सुधार होता है और दवा की जरुरत कम होती जाती है।

10) योग शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है और दवाओं पर आपकी निर्भरता को घटाता है। बहुत से अध्ययनों में साबित हो चुका है कि अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर, टाइप २ डायबिटीज के मरीज योग द्वारा पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुके हैं।

संक्षेप में कहें तो योग केवल शारीरिक व्यायाम करने या रोगों को दूर करने वाली क्रिया नहीं है बल्कि जीवन को बेहतर बनाने वाली एक जीवन पद्यति है।

21 जून को मनाये जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस International Yoga Day की आप सभी को ढेरों शुभकामनाएं। चलिए अपने जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने के लिए हम सब योग अपनाएं।

साभार – www.achhikhabar.com

# स्काउटिंग एक खेल


विष्णु कुमार गुप्ता
हिमालय वुड बैज स्काउटर
डॉ. भीमराव अम्बेडकर
राज.आवासीय विद्यालय बगड़ी


स्काउटिंग एक खेल है जिसे खेल की भावना व भाईचारे की भावना से खेला जाता है। छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें स्काउट/गाइड बनाना अति आवश्यक है। इसके माध्यम से बालकों में चारीत्रिक, शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक अर्थात् सर्वांगीण विकास होता है। स्काउट/गाइड नियम प्रतिज्ञा के माध्यम से बालकों को खेल–खेल में शिक्षा दी जाती है।

ईश्वर, देश, समाज, स्वयं एवं मानव मात्र के लिए एक नागरिक का क्या कर्त्तव्य है? इसका बोध स्काउटिंग के माध्यम से कराया जाता है। बालक स्वयं को देश के प्रति समर्पित कर सके, मानव मात्र के काम आ सके, इसके लिए बालकों को सुनागरिकता का प्रशिक्षण दिया जाता है।

स्काउटिंग में प्रशिक्षण एवं खेलों का बडा महत्व माना गया है। बिना खेलों के स्काउटिंग का ज्ञान अधूरा सा रह जाता है। एक प्रशिक्षक का उत्तरदायित्व बनता है कि जो भी दिन में प्रशिक्षण बालकों को दिया है–शाम के समय खेल के मैदान में उस प्रशिक्षण का मूल्यांकन खेल के माध्यम से करे। चाहे मानचित्र प्रशिक्षण हो, फर्स्ट–एड प्रशिक्षण हो, पायनियरिंग प्रशिक्षण हो या अनुमान लगाना। सभी का खेल के माध्यम से मूल्यांकन किया जा सकता है।

प्रातःकाल व्यायाम के समय दौड़ भाग के खेल एवं सायंकाल में बौद्धिक विकास के खेल बालकों को शारीरिक व मानसिक वृद्धि प्रदान करते है। खेलों के माध्यम से बालक आनन्द प्राप्त करता है, मनोरंजन करता है, साथ ही उसका शारीरिक विकास भी होता है। अनुशासन, ईमानदारी, मर्यादा, नेतृत्व आदि गुणों का विकास बालकों में खेलों के माध्यम से होता है। इसीलिए स्काउटिंग में प्रातः व सायं के समय खेलों को स्थान दिया जाता है।

स्काउटिंग मे दिन में ही नहीं अपितु रात्रि मे भी विभिन्न प्रकार के खेल खिलाए जाते है। वाइडगेम रात्रि खेल साहसिक गतिविधियों के खेल के माध्यम से बालकों के साहस व चातुर्यता को परखा जाता है। ज्ञानेन्द्रियों को विकसित करने एवं बौद्धिक परीक्षण के लिए 'किम गेम' के नाम से खेल खिलाये जाते है, जो बालकों को बडे ही रोचक लगते हैं तथा वे इनमें भरपूर आनन्द प्राप्त करते हैं।

अतः हम कहते है कि स्काउटिंग एक खेल हैं, जिसके माध्यम से बालक स्वयं के सर्वांगीण विकास तथा सुनागरिकता का प्रशिक्षण प्राप्त करता है।

# गतिविधि दर्पण

## प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर आयोजित गतिविधियों, शिविर इत्यादि की संक्षिप्त रिपोर्ट

### अजमेर मण्डल

### जैविक-अजैविक घटक की देखभाल का संकल्प

- भारत स्काउट व गाइड, अजमेर के बिहारीपोल स्थित स्काउट भवन पर पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रोवर्स व स्काउट्स को पृथ्वी के जैविक अजैविक घटक की देखभाल करने का संकल्प दिलाया साथ ही पक्षियों के लिये परिंडे



लगाने का संकल्प सचिव वीरेंद्र कुमार शर्मा ने एक परिंडा स्काउट भवन में लगा कर कराया।

### पृथ्वी दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन

- विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नागौर जिले में हुए विभिन्न आयोजन। जिलेभर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के अधिनस्थ संचालित स्थानीय संघों, राजकीय एवं निजी विद्यालयों, इको क्लब ग्रुपों, महाविद्यालयों के स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, वयस्क लीडर और संगठन के पदाधिकारियों ने भीषण गर्मी में मूक पक्षियों के लिए मिट्टी के चुग्गा पात्र और परिण्डे बांधे।



जनचेतना रैली निकाली, पेड़ पौधों की सार संभाल, स्वच्छता व श्रमदान किया। परिण्डा अभियान व पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प लिया। पृथ्वी दिवस पर मिशन परिंडा के अन्तर्गत "हर घर एक परिंडा" अभियान के तहत घर–घर परिंडा वितरण कार्यक्रम रखा गया। हर घर एक परिंडा अभियान के तहत जिला मुख्यालय के बाहर आगंतुक व्यक्तियों को निःशुल्क परिण्डा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हर वर्ष की भांति गांव गांव से लोग स्काउट ऑफिस नागौर परिंडा लेने आते हैं, इसलिये भामाशाह के सहयोग से "हर घर एक परिंडा" का वितरण किया जा रहा है। नागौर ब्लॉक की स्कूलों को भी इस प्रकार की प्रेरणा कार्य से जोड़ कर सेवा से स्काउट को जोड़ने का मौका मिलेगा। स्काउट ने विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी के संरक्षण के वास्ते जल के सदुपयोग, प्रदूषण में कमी तथा पॉलीथिन के दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

### पृथ्वी दिवस पर निबन्ध व पोस्टर प्रतियोगिता

- जिला पर्यावरण समिति भीलवाड़ा एवं स्काउट इको क्लब राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर के संयुक्त तत्वावधान में उप वन संरक्षक देवेंद्र प्रताप जागावत के मुख्य आतिथ्य, प्रधानाचार्य उर्मिला जोशी की अध्यक्षता एवं रेंजर भंवरलाल बारेठ के विशिष्ट आतिथ्य में पृथ्वी दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जागावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि पृथ्वी की सुरक्षा हेतु हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए, क्योंकि वृक्ष ही पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त रखने में महती



भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर 'पर्यावरण संरक्षण में हमारी भूमिका' विषय पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 50 स्काउट गाइड छात्र छात्राओं ने भाग लिया। अध्यक्ष उर्मिला जोशी ने पोस्टर–निबंध का अवलोकन करते हुए कहा कि स्काउट गाइड ने अपने पोस्टर–निबंध मे पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका को बहुत अच्छी तरह प्रदर्शित किया है। इको क्लब प्रभारी एवं सहायक लीडर ट्रेनर (स्काउट) प्रेम शंकर जोशी ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण की सर्वश्रेष्ठ

गतिविधियां आयोजित करने पर सुभाष नगर स्काउट इको क्लब को राज्य स्तर पर पूर्व में सर्वश्रेष्ठ इको क्लब घोषित किया गया है। इस अवसर पर अपने घर पर परिंडा बांधकर उन्हें नियमित दाना पानी डालने का संकल्प लेने वाली अध्यापिकाओं को अतिथियों ने विधिक साक्षरता समिति की ओर से निःशुल्क परिंडे वितरित किए। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय प्रांगण में बांधे गए परिंडों की स्काउट इको क्लब सदस्यों द्वारा साफ सफाई की गई एवं उनमें दाना–पानी डाला गया। निबंध पोस्टर प्रतियोगिताओं का परिणाम शीघ्र घोषित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। पृथ्वी दिवस समारोह आयोजन में विधिक साक्षरता समिति भीलवाड़ा, वनपाल छोटू लाल कोली, समाजसेवी अमित काबरा, अध्यापिका सुषमा पालीवाल, मंजू शर्मा, शशि कला शर्मा, कुसुम तोदी, ममता चौधरी, निशा भाटी, वीणा पारीक व्याख्याता सुनील खोईवाल, विकास जोशी सहित वन विभाग के कर्मचारियों एवं विद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## भरतपुर मण्डल

### करौली जिला कलक्टर ने बाँधा परिण्डा

- करौली में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित परिंडा अभियान का शुभारंभ जिला कलेक्टर श्री अंकित कुमार सिंह द्वारा जिला कलेक्टर निवास पर परिंडा लगाकर एवं उसमें पानी भर कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राम खिलाड़ी मीणा, राजकीय स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार गुप्ता, पूर्व



प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा एवं स्थानीय संघ करौली के उप प्रधान मुरारी लाल बजाज के साथ–साथ रोवर, रेंजर, स्काउट, गाइड एवं पूर्व रोवर रेंजर उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली

- सवाई माधोपुर में पृथ्वी दिवस पर स्काउट गाइड ने पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मिथलेश शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर



प्रकाश डाया। रैली रामावि कुतलपुरा जाटान से रेलवे कालोनी, रेलवे स्टेशन से बजरिया होते हुए कलेक्ट्रेट तथा जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कार्यालय पर समापन हुआ। इस अवसर पर दीपक शुक्ला मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, घनश्याम महावर, राजीव गांधी संग्रहालय के वैज्ञानिक यूनिस खान, सुष्मिता अधिकारी, प्रवीण कुमार व्याख्याता, शफीक खान, कार्यवाहक प्रधानाध्यापक श्रीमती कल्पना भारती, स्काउट गाइड सचिव महेश सेजवाल, वरिष्ठ अध्यापक राजेश कुमार जैन, शिवदास मीना, प्रियंका जैन, मीना शर्मा, पायल अग्रवाल एवं 100 स्काउट गाइड व स्कूल विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बाँधे परिण्डे और सार-संभाल की दी जिम्मेदारी

- जिला मुख्यालय, सवाई माधोपुर के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर इको क्लब राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोडयाई द्वारा पक्षियों के लिए स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सावित्री पोरवाल द्वारा चुग्गा पात्र एवं परिण्डा बांधकर परिण्डा अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि पृथ्वी पर प्रकृति एवं पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखने में पक्षियों एवं पशुओं का बहुत महत्व है। विद्यालय स्काउट एवं इको क्लब प्रभारी भुवनेश शर्मा ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि धरती और हमारे आसपास के वातावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से 1970 में पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया। इको क्लब राउमावि कोडयाई द्वारा 11 परिंडे बांधकर उनमें नियमित रूप से पानी भरवाने की जिम्मेदारी स्काउट के माध्यम से तय की गई।



## पर्यावरण संरक्षण पर निबंध लेखन प्रतियोगिता

◈ सवाई माधोपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रिवाली ब्लॉक बामनवास में 22 अप्रैल, 2022 को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यालय की नेशनल ग्रीन कोर इकाई के




तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## पृथ्वी दिवस पर बांधे परिण्डे

◈ धौलपुर जिले में पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय, धौलपुर के



तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक श्री नारायण टोगस एवं श्री सुदर्शन सिंह तोमर अति. जिला कलेक्टर धौलपुर ने कलेक्ट्रेट परिसर व सीबीईओ धौलपुर ने कार्यालय में परिण्डा व चुग्गा पात्र लगाये गये।

### जयपुर मण्डल

## सुबोध कॉलेज परिसर में बांधे परिण्डे व चुग्गापात्र

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में 22 अप्रैल को सुबोध कॉलेज रामबाग सर्किल एवं स्थानीय संघ जयपुर में सहायक राज्य संगठन आयुक्त नीता शर्मा के नेतृत्व में रोवर्स व रेंजर्स तथा रोवर लीडर पवन



एवं रेंजर लीडर ऋचा सिंघल व दीपिका और सी.ओ. स्काउट शरद शर्मा ने पक्षियों के लिए परिण्डा एवं चुग्गा पात्र बांधकर पृथ्वी दिवस पर परिण्डा अभियान का शुभारंभ किया।

## स्काउट,गाइड एवं नेशनल ग्रीन कोर इको क्लब्स ने मनाया पृथ्वी दिवस

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सीकर एवं नेशनल ग्रीन कोर इको क्लब्स के तत्वावधान में 22 अप्रैल को सीकर में पृथ्वी दिवस के तहत सीकर एवं जिले भर में दॉता, धोद, लक्ष्मणगढ, फतेहपुर, नीमकाथाना, पाटन, खण्डेला, दांतारामगढ, रींगस, श्रीमाधोपुर, थोई अजीतगढ, पलसाना, रामगढ शेखावाटी सहित 18 स्थानीय संघ मुख्यालयों एवं 200 से अधिक स्काउट गाइड ग्रुपों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों



का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले जिला शिक्षा अधिकारी माध्य. एवं प्रा.शि. कार्यालय में घीसाराम राम भूरिया अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रा.शि. सीकर शिशपाल सिहं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रा.शि. सीकर, नेमीचन्द सैनी पूर्व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सीकर, सीमा चौधरी उप जिला शिक्षा अधिकारी शा.शि. सीकर, जगदीश प्रसाद मावलिया निदेशक ज्ञानदेव स्कूल राधाकृष्णपुरा सीकर, बसन्त कुमार लाटा सी.ओ. स्काउट सीकर एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मचारी सदस्यों के नेतृत्व में पक्षियों के लिए परिण्डे लगाये।

बसन्त कुमार लाटा सी.ओ. स्काउट के नेतृत्व में पौधे लगाये गये। उसके बाद सांवली रोड पर पॉलीथिन उन्मूलन का

कार्यक्रम आयोजित किया, तालाब के रास्ते की सफाई कर जल संरक्षण का सन्देश दिया। नर्सरी अवलोकन किया तथा स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं इको क्लब सदस्यों ने स्काउट गाइड मुख्यालय पर पोस्टर प्रतियोगिता तथा पृथ्वी बचाओ पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की।

स्काउट गाइड जिला मुख्यालय एवं राधाकृष्णपुरा वार्ड 51 में विभिन्न स्थानों पर स्काउट गाइड एवं नेशलन ग्रीन कोर के सदस्यों ने पक्षियों के लिए परिण्डे, चुग्गा पात्र लगाये एवं जिला मुख्यालय पर पर्यावरण प्रदर्शनी लगाई, जिसमें पृथ्वी को बचाने के सन्देश प्रदर्शित किये गये।

सीकर शहर एवं पूरे जिले के गांव गांव में स्काउट गाइड ने चुग्गा पात्र, कृत्रिम घोंसले, पक्षियों के लिए परिण्डे लगाएं, पशु एवं वन्य जीवों के लिए पानी व्यवस्था की तथा पर्यावरण फिल्म स्लाईड शो, प्रभात फेरी, भाषण, ऊर्जा संरक्षण, कागज की थैलियां बनाना, नारा लेखन, पोस्टर, निबन्ध, खेली साफ करना, संगोष्ठी, प्याऊ की सफाई, श्रमदान कार्य, वन्य जीवों के मुखौटे तैयार किये, पेड़ो के कलर करने का कार्य, मटकों पर पेन्टिंग, ईंटों पर कलर करना व अन्य कार्य जिले भर में स्काउट गाइड सदस्यों ने किये।

## सीकर की जिला मूल्यांकन एवं सेवा समिति की बैठक आयोजित

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सीकर की जिला स्तरीय जिला मूल्यांकन एवं सेवा समिति की बैठक स्काउट गाइड जिला मुख्यालय बड़ा तालाब पर रामचंद्र पकड़िया अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में एवं शीशपाल सिंह अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा, मांगीलाल शर्मा सहायक जिला कमिश्नर स्काउट, संजय सहगल पूर्व सी.ओ. के आतिथ्य में संपन्न हुई।

वार्षिक बैठक में गत सत्र के वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन, चालू सत्र 2022–23 के कार्यक्रमों का प्रस्ताव, संख्यात्मक एवं गुणात्मक प्रगति, पशु जल सेवा, पक्षी जल सेवा, मनुष्य जल सेवा, वृक्ष जल सेवा, ग्रीष्मकालीन अभिरुचि प्रशिक्षण केंद्र, आबू पर्वत पर होने पर होने वाली गतिविधियों में सहभागिता, 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी में प्रदर्शन, ढांचागत विकास कार्यों, स्थानीय संघ खूड, शिशु रानोली, अजीतगढ़ की सक्रियता पर विचार विमर्श किया गया। आगामी बेसिक कोर्स एवं प्रत्येक विद्यालय में स्काउटिंग शुरू करने की दृष्टि से ग्रुप पंजीकरण करवाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय संघ के सचिव ने अपने अपने स्थानीय संघ का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन बसंत कुमार लाटा जिला संगठन



आयुक्त स्काउट ने किया। मीटिंग में जिले के सचिव, संयुक्त सचिव, शिक्षा अधिकारी, कमिश्नर, ट्रेनिंग काउंसलर, सहायक लीडर ट्रेनर व अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## ट्रूप मीटिंग में पक्षियों की सुरक्षा पर चर्चा

◈ राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, दांता सीकर के तत्वावधान में कलाम ओपन स्काउट ट्रूप मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें परिंडा व चुग्गा पात्र अभियान के बारे में बताया गया एवं पक्षियों की सुरक्षा के बारे में चर्चा की



गई एवं इसके बाद दाताग्राम में स्थित खेड़ापति बालाजी मंदिर के दर्शन किए गए। उसके बाद में स्थानीय संघ मुख्यालय पर स्काउट्स द्वारा सेवा कार्य किया गया। इस दौरान ग्रुप लीडर बाबूलाल कुमावत एवं स्काउट विवेक कुमावत, मुकेश, पुनीत, राजू, हेनवीर, हितेश, कुंदन, हरीश एवं गाइड रुचि कुमावत उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ ट्रूप मीटिंग का समापन किया गया।

## जोधपुर मण्डल

## पृथ्वी दिवस पर निकाली जनचेतना रैली

◈ जोधपुर जिला क्षेत्र के ऊंटवालिया गांव के ओम गुरु कृपा उच्च माध्यमिक विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया। स्थानीय संघ के आदेश अनुसार स्थानीय विद्यालय के स्काउट गाइड दल ने जनचेतना रैली निकालकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस रैली में पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए तथा पशुओं के जल कुंड साफ करने का श्रमदान किया गया।

विद्यालय निदेशक श्री भोम सिंह राठौड़ ने बताया कि 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला, भाषण, निबंध व वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित कर भू–संरक्षण की जानकारी दी गई। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे



प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका पापा राम सैन व ताराचंद रेगर ने निभाई। इस कार्यक्रम के दौरान 51 परिंडे लगाए तथा आगे भी इस मुहीम के तहत आस–पास के गांव में परिंडे लगाकर पशु पक्षी प्रेमी बनने का स्काउट गाइड दल संदेश देगा। इस दौरान प्रधानाचार्य भंवर सिंह स्काउटर, लक्ष्मण सिंह, गाइड कैप्टन मोनिका सुथार, अध्यापक रोहित कुमार, नरेश कुमार, हीराराम, आवड़राम, रावलराम, दलपतराम सहित स्काउट गाइड व बच्चे उपस्थित रहे।

## ११०० परिण्डे लगाने का लिया संकल्प

◈ विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, पाली के तत्वावधान में संपूर्ण जिले भर में स्काउट गाइड कब बुलबुल एवं यूनिट लीडर्स द्वारा परिंडा अभियान का आगाज किया गया। श्रीमती डिंपल दवे सर्कल



ऑर्गेनाइजर गाइड पाली ने बताया कि इस अवसर पर जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रभान सिंह भाटी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में रोवर्स रेंजर्स के साथ परिंडा अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर रोवर्स रेंजर्स ने जिला मुख्यालय एवं विभिन्न सरकारी संस्थानों, राजकीय बांगड़ महाविद्यालय पाली सहित अनेक स्थानों पर 1100 परिंडे लगाने का संकल्प लिया एवं वृक्षारोपण भी किया गया।

## कोटा मण्डल

## पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, कोटा के तत्वावधान में आयोजित पृथ्वी दिवस कार्यक्रम के अवसर पर संकल्प दिलाते हुए मुख्य अतिथि श्री लोकेश जी ठाकुर असिस्टेंट



मैनेजर हिंदुस्तान पेट्रोलियम, सर्कल ऑर्गेनाइजर प्रदीप चित्तौड़ा एवं सहायक जिला कमिश्नर महावीर राठौड़ ने परिण्डा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर कोटा जिले के रोवर एवं स्काउट द्वारा 551 परिंडे बांधकर परिंडा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रोवर एवं स्काउट द्वारा पर्यावरण जन चेतना रैली का आयोजन भी किया गया।

## उदयपुर मण्डल

## स्काउट गाइट ने मूक पक्षियों के लिए बांधे परिण्डे

◈ भारत स्काउट व गाइड, मण्डल मुख्यालय, उदयपुर के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर मूक पक्षियों के लिए चुग्गापात्र और मिट्टी के परिण्डे स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय परिसर में दामोदर प्रसाद शर्मा सहा. राज्य संगठन आयुक्त एवं सुरेन्द्र कुमार पाण्डे सी.ओ. स्काउट व विजय



लक्ष्मी वर्मा सी.ओ. गाइड ने बांधकर जिले में चुग्गापात्र व परिण्डा अभियान की शुरूआत की।

सुरेन्द्र कुमार पाण्डे सी.ओ. स्काउट ने बताया की इस मौके पर मण्डल मुख्यालय के वैशाली, तुलसीराम, श्याम लाल, राकेश और मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय की रेंजर नाजीया, नैना, नन्दनी और स्थानीय स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर ने उपस्थित होकर चुग्गापात्र एवं परिण्डा लगाने में बढ चढकर अपनी सहभागिता दर्ज करवाई।

विजय लक्ष्मी वर्मा सी.ओ. गाइड ने बताया की जिलेभर में स्थानीय संघ, स्काउट व गाइड तथा इको क्लब संचालित विद्यालयों व महाविद्यालयों में भी विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर अपने संस्थान एवं सार्वजनिक स्थानों पर चुग्गापात्र व परिण्डे लगाकर उनमें नियमित चुग्गा और पानी डालने का संकल्प लिया। जिलेभर में 11000 चुग्गापात्र व परिण्डे जिले में संचालित 304 इको क्लब विद्यालयों, महाविद्यालयों के माध्यम से लगाये जाएंगे। दामोदर प्रसाद शर्मा ने प्राणी मात्र और जीव दया के प्रति इस अभियान को अनुठी पहल बताते हुए उपस्थित सभी को इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## बाल विवाह रोकथाम

## स्काउट गाइड ने निकाली जन-जागरूकता रैली

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के साथ भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर के निर्देशानुसार भारत स्काउट व गाइड, मण्डल मुख्यालय, उदयपुर की ओर से बाल विवाह रोकथाम के लिए स्काउट गाइड ने 2 मई को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरवास से बाल विवाह जन जागरूकता रैली का आयोजन किया।

सुरेन्द्र कुमार पाण्डे जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली को चेतना भाटी उप अधीक्षक पुलिस विभाग ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जो कि मुख्य मार्गों एवं कॉलोनियों से होते हुए पुनः राबाउमावि सुंदरवास स्कूल पर समाप्त हुई। रैली को हरी झण्डी दिखाकर प्रस्थान से पहले चेतना भाटी ने उपस्थित संभागियों



को बाल विवाह रोकथाम एवं बालिका सुरक्षा आदि विषयों पर प्रशनोतरी कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि चेतना भाटी ने संभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि बचपन में उनके द्वारा बनाया गया नारा 'बेटी बचाओं बेटी पढाओं' आज पूरे राजस्थान में गुंजायमान हो रहा है। उन्होंने अपने जीवन के संस्मरणों को याद करते हुए बताया कि जैसलमेर जैसे सुदुर जिले में जन्मी बेटी आज इस मुकाम पर पहुंची है उसके पीछे कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय की भावना ही काम आयी है।

## विद्यालय में परिण्डे बांध मनाया पृथ्वी दिवस

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, डूंगरपुर के दिवेर स्थित श्रीमती फुलीबाई भेरूलाल नाहर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में परिंडे लगा कर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया।



प्रदेश में पड़ रही प्रचंड गर्मी व लू ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है, उस पर पानी की कमी ने आग में घी का काम किया है। ऐसे में मूक पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु श्रीमती फुलीबाई भेरूलाल नाहर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दिवेर में विद्यालय स्टाफ व स्काउट गाइड की बालिकाओं ने परिण्डे लगाने का बीड़ा उठाया है। पृथ्वी दिवस पर विद्यालय में पेड़ों पर परिंडे लगाए गए। गाइड बालिकाओं ने नियमित रूप से परिंडो में पानी भरने का संकल्प लिया।

## निकाली जनचेतना रैली, की पेड़ पौधों की सार संभाल तथा किया श्रमदान

- विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर उदयपुर में विभिन्न आयोजन हुए। उदयपुर जिले में भारत स्काउट व गाइड के अधिनस्थ संचालित स्थानीय संघों, राजकीय एवं निजी विद्यालयों, इको क्लब ग्रुपों, महाविद्यालयों के स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, वयस्क लीडर और संगठन के पदाधिकारियों ने भीषण गर्मी में मूक पक्षियों के लिए मिट्टी के चुग्गा पात्र और परिंडे बांधे। जनचेतना रैली निकाली, पेड़ पौधों की सार संभाल की




तथा स्वच्छता व श्रमदान किया। परिण्डा अभियान व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर निकाली बाल विवाह रोकथाम व पर्यावरण जन चेतना रैली

◈ राजसमंद जिला मुख्यालय के समीप स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुण्डोल व स्थानीय संघ राजसमन्द के सयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर बाल विवाह रोकथाम व पर्यावरण जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। स्थानीय संघ सचिव धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि रैली को कार्यवाहक प्रधानाचार्य सतीश हेडा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

रैली मुण्डोल बस स्टेण्ड, संस्कार स्कूल, पुरोहित मोहल्ला, सामुदायिक भवन, साल्वी मोहल्ला, हनुमान मन्दिर, चारभुजा मन्दिर, गुर्जरों का मोहल्ला, मंशापूर्ण हनुमान जी व ग्राम



पंचायत भवन के सामने से होती हुई पुनः विद्यालय प्रांगण में आकर समाप्त हुई। रैली में स्काउट गाइड छात्र छात्राएँ हाथों में जागरूकता संबंधी नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे।

स्काउट गाइड बालक बालिकाओं ने बिगुल, गुग्गरा, सिम्बल, झांझ, बांसुरी, ट्राय ऐंगल, साइड ड्रम, गैजर स्टीक के साथ रैली में चार चाँद लगा दिये। जो आम जन में प्रशंसा का विषय बना रहा। इस अवसर पर स्काउट गाइड ने मूक पक्षियों के लिए परिंडे व चुग्गा पात्र भी लगाकर उन में जलापूर्ति कर सेवा का कार्य किया।

रैली में पंकज मेवाड़ा, विजेन्द्र सिंह, अशोक कुमावत, विनोद शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद आचार्य, नितिका खींची, सुनिता मोदी, प्रमिला रानी, सुन्दर खींची, मन्जु वैष्णव आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## सात दिवसीय स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स संपन्न

◈ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, राजसमन्द द्वारा आयोजित सात दिवसीय स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स 11 मई को सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ सम्पन्न हुआ। जिला संगठन आयुक्त स्काउट छैल बिहारी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का संचालन स्थानीय संघ कुंभलगढ़ के सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट राकेश टांक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुंचौली ने किया। शिविर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा के आयोजन के साथ ही शिविर में प्रशिक्षण ले रहे संभागियों को स्काउट यूनिट लीडर के रूप में दीक्षा प्रदान की। श्री टांक ने बताया कि ये सभी साथी आज प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षा प्राप्त



कर स्काउट यूनिट लीडर बन चुके हैं, ये सभी अब अपनी अपनी संस्थाओं में जाकर स्काउट यूनिट का संचालन करेंगे और आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे। शिविर के दौरान बेसिक कोर्स के पाठ्यक्रम के अनुसार सभी विषयों की जानकारी सैद्धांतिक और प्रायोगिक तरीके से संभागियों को दी गई। चितेश्वर महादेव पर नेचर स्टडी करते हुए संभागियों ने आनंद पूर्वक हाईक पूर्ण की। शिविर में ज्ञानेंद्रियों का खेल जिसे आंदोलन में कीम गेम से जाना जाता है जिसमें सुनना, देखना, चखना, स्पर्श करना और सूंघ कर पता करना होता है, का आयोजन किया गया। सभी संभागियों ने खेल का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्काउट यूनिट लीडर ने जिला मुख्यालय पर वृक्षारोपण किया। शिविर में कृष्ण कुमार यादव, विजय सोलंकी, अहमद अली व सुखदेव नागर ने प्रशिक्षण देकर शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

# माध्यमिक शिक्षा निदेशक का किया स्वागत

## भारत स्काउट गाइड गतिविधियों की दी जानकारी




राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, मण्डल मुख्यालय, बीकानेर के स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने 09 मई को नव–पदस्थापित निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर श्री गौरव अग्रवाल का स्वागत किया। सहायक राज्य संगठन आयुक्त मानमहेन्द्र सिंह भाटी ने स्मृति चिन्ह भेंट किया और सत्र 2021–22 की उपलब्धियों की स्मारिका प्रस्तुत करते हुए आगामी गतिविधियों की जानकारी दी।

बीकानेर स्काउटिंग की वर्तमान गतिविधियों की जानकारी देते हुए निदेशक महोदय को अवगत कराया कि बीकानेर स्काउटिंग के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। बीकानेर के मण्डल प्रशिक्षण केन्द्र पर मण्डल से लेकर राष्ट्र स्तर पर अनेकों शिविरों एवं शिक्षा विभाग की अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों युवा लाभान्वित होते हैं।

श्री गौरव अग्रवाल ने स्काउट गाइड पदाधिकारियों को स्काउट गाइड संगठन की उत्तरोत्तर प्रगति के लिये शुभकामनाएं प्रेषित की एवं स्काउट गाइड गतिविधियों के सुचारू संचालन में हर संभव सहयोग की बात कही।

इस अवसर पर सी. ओ स्काउट जसवन्तसिंह राजपुरोहित, स्टाफ ऑफिसर अरूण कुमार शर्मा, निजी सहायक विजय शंकर आचार्य, रोवर स्काउट निरंजन गुर्जर, सीताराम आदि उपस्थित रहे।

# सेवा कार्यों का सम्मान

जिला धौलपुर– जिला प्रशासन द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 5 मई, 2022 को आयोजित आत्मा रक्षा कार्यक्रम में श्रीमती संगीता बेनीवाल माननीय अध्यक्ष राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग जयपुर तथा श्री राकेश जायसवाल जिला कलक्टर धौलपुर ने जिले के 12 स्काउट गाइड रोवर रेंजर को कोरोना काल में जन–जागरूकता एवं विविध सेवा कार्यों तथा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।




इस अवसर पर श्री चेतन चौहान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धौलपुर, सुश्री भारती उपखण्ड अधिकारी धौलपुर व शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी एवं स्काउटर राजेश यादव, हरिओम उपाध्याय, हरिओम कटारा, आलोक दुबे, गाइडर प्रीति यादव आदि उपस्थित रहे।

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर
## वार्षिक कार्यक्रम 2022–23

| क्र.स. | गतिविधि | स्थान | तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| **अप्रेल, 2022** | | | |
| 1 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | सभी स्तरों पर | प्रतिमाह |
| 2 | विश्व स्वास्थ्य दिवस– जनचेतना अभियान | सभी स्तरों पर | 07.04.2022 |
| 3 | ऑर्गेनाइजर्स संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 12.04.2022 |
| 4 | उपराष्ट्रपति अवार्ड पंजीकरण | राज्य स्तर पर | 15.04.2022 तक |
| 5 | राज्य पुरस्कार समारोह | बांसवाड़ा | 21 से 25.04.2022 तक |
| 6 | राष्ट्रीय स्काउट/गाइड जनजाति महोत्सव | बांसवाड़ा | 21 से 25.04.2022 तक |
| 7 | पृथ्वी दिवस–परिण्डा एवं चुग्गापात्र महाभियान प्रारम्भ | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | 22.04.2022 |
| 8 | मण्डल स्तरीय एडवेंचर गतिविधियां | मण्डल स्तर | 26 से 30.04.2022 तक |
| 9 | सचिव एवं संयुक्त सचिव संगोष्ठी | जिला स्तर | 30.04.2022 तक |
| 10 | जिला मूल्यांकन समिति बैठक | जिला स्तर पर | 30.04.2022 तक |
| 11 | प्रशासनिक प्रतिवेदन एवं गणना | राज्य मुख्यालय पर | 30.04.2022 तक |
| 12 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 13 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 07, 10, 11, 13) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 14 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| **मई, 2022** | | | |
| 15 | स्काउटर/गाइडर बेसिक कोर्स | जिला/मण्डल स्तर | 05 से 11.05.2022 तक |
| 16 | विश्व प्रवासी पक्षी दिवस – परिण्डा एवं चुग्गा पात्र | सभी स्तरों पर | 09.05.2022 |
| 17 | जम्बूरी पंजीकरण | मण्डल स्तर | 10.05.2022 तक |
| 18 | ऑर्गेनाइजर्स संगोष्ठी | बनीपार्क, जयपुर | 12 से 14.05.2022 |
| 19 | प्रधानमंत्री शील्ड पंजीकरण | राज्य स्तर पर | 15.05.2022 तक |
| 20 | कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर (अभिरूचि केन्द्र) | स्थानीय संघ/जिला/मण्डल | 17 से 31.05.2022 |
| 21 | ग्रामीण/स्वतंत्र रोवर लीडर बेसिक कोर्स | आबू पर्वत नं. 01 | 18 से 24.05.2022 तक |
| 22 | कब/स्काउट मास्टर एडवांस कोर्स | आबू पर्वत नं. 01 | 18 से 24.05.2022 तक |
| 23 | रोवर/रेंजर साहसिक शिविर | मदुरै, तमिलनाडू | 21 से 25.05.2022 तक |
| 24 | जैव विविधता दिवस – प्रतियोगिताएं/वार्ताएँ | सभी स्तरों पर | 22.05.2022 |
| 25 | स्काउटर/गाइडर शैक्षणिक भ्रमण | मदुरै, तमिलनाडू | 26 से 30.05.2022 तक |
| 26 | फ्लॉक लीडर/गा.कै./रेंजर लीडर एडवास कोर्स | आबू पर्वत नं. 01 | 26 से 01.05.2022 तक |
| 27 | राष्ट्रपति गाइड प्रशिक्षण शिविर | आबू पर्वत नं. 01 | 26 से 30.05.2022 |
| 28 | तम्बाकू निषेध दिवस – प्रतियोगिताएं | ग्रुप/स्था. संघ /जिला स्तर | 31.05.2022 |
| 29 | पदक/अलंकार पुरस्कार हेतु आवेदन भिजवाना | राज्य स्तर पर | 31.05.2022 तक |
| 30 | जल सेवा/परिण्डा/चुग्गा पात्र अभियान | सभी स्तरों पर | प्रतिमाह |
| 31 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 32 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | जिला/मण्डल स्तर | प्रतिमाह |
| 33 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 1, 14) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 34 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| **जून, 2022** | | | |
| 35 | ग्रामीण रोवर/रेंजर भारत दर्शन | मथुरा | 01 से 05.06.2022 तक |
| 36 | कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर | स्थानीय संघ/जिला/मण्डल | 01 से 25.06.2022 तक |
| 37 | राष्ट्रपति स्काउट प्रशिक्षण शिविर | आबू पर्वत नं. 01 | 02 से 06.06.2022 तक |
| 38 | विश्व पर्यावरण दिवस – स्काउट/गाइड मैराथन | सभी स्तरों पर | 05.06.2022 |
| 39 | कमिश्नर बेसिक कोर्स | आबू पर्वत नं. 01 | 08 से 12.06.2022 |
| 40 | सचिव प्रशिक्षण शिविर | आबू पर्वत नं. 01 | 14 से 18.06.2022 |
| 41 | जल सेवा अभियान | सभी स्तरों पर | 20.06.2022 तक |
| 42 | विश्व योग दिवस | सभी स्तरों पर | 22.06.2022 |
| 43 | राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर विशेष प्रशिक्षण शिविर | मण्डल स्तर | 25 से 29.06.2022 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44 | विश्व वन दिवस | सभी स्तरों पर | 30.06.2022 तक |
| 45 | मण्डल स्तरीय ऑर्गेनाइजर संगोष्ठी | मण्डल स्तर | 30.06.2022 तक |
| 46 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 47 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | जिला/मण्डल स्तर | प्रतिमाह |
| 48 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 1, 14) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 49 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |

## जुलाई, 2022

| | | | |
|---|---|---|---|
| 50 | ट्रेनर्स मीट | बीकानेर | 07 से 09.07.2022 तक |
| 51 | विजन 2024 कार्य योजना | बीकानेर | 07 से 09.07.2022 तक |
| 52 | विश्व जनसंख्या दिवस–(सड़क सुरक्षा जन चेतना रैली) | ग्रुप/स्था.संघ स्तर | 11.07.2022 |
| 53 | जिला कार्यकारिणी सभा– तदर्थ | जिला स्तर पर | 15.07.2022 तक |
| 54 | प्रधानमंत्री/उपराष्ट्रपति/लक्ष्मी मजूमदार शील्ड लॉग बुक भेजना | राज्य मुख्यालय पर | 15.07.2022 तक |
| 55 | जम्बूरी पंजीकरण | राज्य स्तर पर | 15.07.2022 तक |
| 56 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | जिला/मण्डल स्तर | 16 से 22.07.2022 तक |
| 57 | राजस्थान स्काउट गाइड ग्रामीण खेल | जिला स्तर | 16 से 17.07.2022 तक |
| 58 | ट्रेनिंग कॉउन्सलर/ए.डी.सी द्वारा ग्रुप संभाल | स्थानीय संघ स्तर पर | 20 से 26.07.2022 तक |
| 59 | जम्बूरी रिव्यू सेमीनार | चौपासनी जोधपुर | 21 से 22.07.2022 तक |
| 60 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत न.1 | 21 से 25.07.2022 तक |
| 61 | एडवेंचर प्रोग्राम | मण्डल स्तर पर | 25 से 29.07.2022 तक |
| 62 | विद्यालय स्वच्छता अभियान | ग्रुप स्तर पर | 31.07.2022 तक |
| 63 | ग्रुप स्तरीय हाईक (पैदल) | ग्रुप स्तर पर | 31.07.2022 तक |
| 64 | राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर | जिला स्तर पर | 31.07.2022 तक |
| 65 | सचिव/सयुंक्त सचिव संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 31.07.2022 तक |
| 66 | प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर सेमीनार | मण्डल स्तर पर | 31.07.2022 तक |
| 67 | मण्डल स्तरीय ऑर्गेनाइजर्स संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 31.07.2022 तक |
| 68 | संस्था प्रधान सेमीनार | स्था. संघ स्तर पर | 31.07.2022 तक |
| 69 | स्थानीय संघ वार्षिक अधिवेशन | स्थानीय संघ स्तर पर | 31.07.2022 तक |
| 70 | राज्य वित्त समिति सभा | राज्य मुख्यालय | 31.07.2022 तक |
| 71 | राज्य कार्यकारिणी सभा | राज्य मुख्यालय | 31.07.2022 तक |
| 72 | जनजाति गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 73 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 4, 14) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 74 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 75 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |

## अगस्त, 2022

| | | | |
|---|---|---|---|
| 76 | SOC/STC मीट | जोधपुर | 03 से 05.08.2022 तक |
| 77 | राज्य स्तरीय सचिव संगोष्ठी | बनीपार्क, जयपुर | 04.08.2022 |
| 78 | राज्य स्तरीय प्रभारी कमिश्नर संगोष्ठी | बनीपार्क, जयपुर | 05.08.2022 |
| 79 | राज्य पुरस्कार पंजीकरण फार्म भिजवाना | मण्डल स्तर | 15.08.2022 तक |
| 80 | जिला परिषद वार्षिक अधिवेशन | जिला स्तर पर | 15.08.2022 तक |
| 81 | स्वतन्त्रता दिवस | सभी स्तरों पर | 15.08.2022 तक |
| 82 | सद्भावना दिवस (राज्य स्तरीय साइकिल हाइक) | स्था.संघ/जिला/मण्डल स्तर | 16 से 20.8.2022 तक |
| 83 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत न.1 | 21 से 25.8.2022 तक |
| 84 | राजस्थान स्काउट गाइड ग्रामीण खेल | मण्डल स्तर | 27 से 28.08.2022 तक |
| 85 | महाविद्यालय प्राचार्य, रोवर/रेंजर लीडर संगोष्ठी | मण्डल स्तर | 31.08.2022 तक |
| 86 | राज्य परिषद् का वार्षिक अधिवेशन | कोटा | 31.08.2022 तक |
| 87 | ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर सभा | कोटा | 01.09.2022 |
| 88 | रोवर/रेंजर विकास समिति सभा | मण्डल स्तर पर | 31.08.2022 तक |
| 89 | चतुर्थ चरण/हीरक पंख/गोल्डन ऐरो प्रशिक्षण शिविर | जिला स्तर पर | 31.08.2022 तक |
| 90 | द्वितीय/तृतीय सोपान/टोली नायक प्रशिक्षण शिविर | जिला/स्था.संघ स्तर | 31.08.2022 तक |
| 91 | राज्य पुरस्कार पंजीकरण फार्म भिजवाना | राज्य मुख्यालय | 31.08.2022 तक |
| 92 | हिमालय वुड बैज रीयूनियन | मण्डल स्तर | 31.08.2022 तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 93 | गोल्डन ऐरो अवार्ड फार्म भिजवाना | राज्य मुख्यालय | 31.08.2022 तक |
| 94 | कम्यूनिटी डवलपमेन्ट सेमीनार | मण्डल स्तर पर | 31.08.2022 तक |
| 95 | कब/बुलबुल भ्रमण | स्थानीय संघ स्तर पर | 31.08.2022 तक |
| 96 | श्री गणेश जी मेला | सवाई माधोपुर | 31.08.2022 तक |
| 97 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | जिला/मण्डल स्तर | प्रतिमाह |
| 98 | जनजाति गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 99 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 15) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 100 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 101 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| **सितम्बर, 2022** | | | |
| 102 | रामदेवरा मेला सेवा शिविर | पोकरण, जैसलमेर | 02 से 06.09.2022 तक |
| 103 | शिक्षक दिवस | ग्रुप/स्थानीय संघ पर | 05.09.2022 |
| 104 | राष्ट्रपति रोवर/रेंजर प्रशिक्षण शिविर | आबू पर्वत नं. 01 | 07 से 11.09.2022 तक |
| 105 | उद्योग पर्व सप्ताह | ग्रुप/स्थानीय संघ स्तर | 07 से 14.09.2022 तक |
| 106 | विश्व साक्षरता दिवस | ग्रुप स्तर | 08.09.2022 |
| 107 | स्काउटर/गाइडर बेसिक कोर्स | जिला/मण्डल स्तर | 09 से 15.09.2022 तक |
| 108 | स्काउटर/गाइडर एडवांस कोर्स | मण्डल स्तर पर | 09 से 15.09.2022 तक |
| 109 | जम्बूरी तैयारी शिविर | मण्डल स्तर | 12 से 16.09.2022 तक |
| 110 | राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव | उदयपुर | 16 से 20.09.2022 तक |
| 111 | विश्व ओजोन दिवस– वार्ताएं | सभी स्तर | 16.09.2022 |
| 112 | प्री.ए.एल.टी. कोर्स | बीकानेर | 19 से 23.09.2022 तक |
| 113 | सांस्कृतिक आदान प्रदान शिविर जनजाति | जिला स्तर | 19 से 23.09.2022 तक |
| 114 | राज्य स्तरीय स्काउट/गाइड ग्रामीण खेल | पुष्कर घाटी, अजमेर | 19 से 23.09.2022 तक |
| 115 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत | 21 से 25.09.2022 तक |
| 116 | मण्डल स्तरीय साहसिक एवं ट्रेकिंग शिविर | मण्डल स्तर पर | 25 से 29.09.2022 तक |
| 117 | जम्बूरी रिव्यू सेमीनार | रोहट, पाली | 29 से 30.09.2022 तक |
| 118 | राज्य पुरस्कार रोवर /रेंजर प्रशिक्षण शिविर | जिला स्तर | 30.09.2022 तक |
| 119 | कब बुलबुल एक रात्रि शिविर | स्थानीय संघ स्तर पर | 30.09.2022 तक |
| 120 | षष्ठर प्रशिक्षण (कब/बुलबुल) | जिला स्तर | 30.09.2022 तक |
| 121 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | जिला/मण्डल स्तर | प्रतिमाह |
| 122 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 3, 15, 16) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 123 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 124 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| **अक्टूबर, 2022** | | | |
| 125 | गांधी/शास्त्री जयन्ती– प्रार्थना सभा | ग्रुप/स्था. संघ स्तर | 02.10.2022 |
| 126 | कब/बुलबुल उत्सव | जिला स्तर | 02 से 03.10.2022 तक |
| 127 | प्रकृति अध्ययन शिविर | ग्रुप स्तर पर | 04 से 06.10.2022 तक |
| 128 | दशहरा मेला सेवा शिविर | मण्डल कोटा | 14 से 18.10.2022 तक |
| 129 | राज्य पुरस्कार स्काउट/गाइड अनुशंषा शिविर | जिला/मण्डल स्तर | 10 से 12.10.2022 तक |
| 130 | राज्य पुरस्कार रोवर/रेंजर अनुशंषा शिविर | मण्डल स्तर | 13 से 15.10.2022 तक |
| 131 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत नं. 1 | 21 से 25.10.2022 तक |
| 132 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 16) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 133 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 134 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| **नवम्बर, 2022** | | | |
| 135 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर | 01 से 04.11.2022 तक |
| 136 | पुष्कर मेला सेवा शिविर | पुष्कर, अजमेर | 05 से 09.11.2022 तक |
| 137 | कोलायत मेला सेवा शिविर | कोलायत, बीकानेर | 05 से 09.11.2022 तक |
| 138 | स्काउट/गाइड झण्डा दिवस | ग्रुप/स्था. संघ स्तर | 07.11.2022 |
| 139 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत न.1 | 21 से 25.11.2022 तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 140 | कब/बुलबुल एक रात्रि शिविर | स्थानीय संघ | 30.11.2022 तक |
| 141 | द्वितीय/तृतीय सोपान स्काउट/गाइड जाँच शिविर | स्था. संघ स्तर पर | 30.11.2022 तक |
| 142 | ग्रामीण रोवर/रेंजर निपुण प्रशिक्षण शिविर | जिला स्तर पर | 30.11.2022 तक |
| 143 | दिव्यांग स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर | मण्डल स्तर पर | 30.11.2022 तक |
| 144 | अनाथालय स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर | मण्डल स्तर पर | 30.11.2022 तक |
| 145 | अनुसूचित जाति स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर | जिला स्तर पर | 30.11.2022 तक |
| 146 | पालनहार स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर | जिला स्तर पर | 30.11.2022 तक |
| 147 | ग्रुप वार्षिक शिविर | ग्रुप स्तर | 30.11.2022 तक |
| 148 | चतुर्थ चरण, हीरक पंख, फॉर्म भिजवाना | सभी स्तरों पर | 30.11.2022 तक |
| 149 | स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | सभी स्तरों पर | प्रतिमाह |
| 150 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 17) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 151 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 152 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |

### दिसम्बर, 2022

| | | | |
|---|---|---|---|
| 153 | विश्व एड्स दिवस–(संगोष्ठी/वार्ताएं) | ग्रुप स्तर पर | 01.12.2022 |
| 154 | रोवर मूट/रेंजर मीट/सेवा शिविर–जम्बूरी स्थल | रोहट, पाली | 01 से 10.12.2022 तक |
| 155 | मानवाधिकार दिवस | ग्रुप/स्था.संघ स्तर | 10.12.2022 |
| 156 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत न. 1 | 21 से 25.12.2022 तक |
| 157 | जम्बूरी सम्मेलन शिविर | रोहट, पाली | 28.12.से 02.01.2023 |
| 158 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/स्था. संघ/जिला स्तर | प्रतिमाह |
| 159 | स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | जिला स्तर | प्रतिमाह |
| 160 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 5) | जिला स्तर | प्रतिमाह |
| 161 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | जिला स्तर | प्रतिमाह |
| 162 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |

### जनवरी, 2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| 163 | 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी | रोहट, पाली | 04 से 10.01.2023 तक |
| 164 | युवा दिवस | स्था.संघ /जिला स्तर पर | 12.01.2023 |
| 165 | गणतन्त्र दिवस | सभी स्तरों पर | 26.01.2023 |
| 166 | स्काउट/गाइड कार्मिक कल्याण संघ | अधिवेशन | 28 से 29.01.23 तक |
| 167 | शहीद दिवस – प्रार्थना सभा | ग्रुप/स्था.संघ स्तर | 30.01.2023 |
| 168 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 169 | जनजाति गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 170 | स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 171 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 8, 12) | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 172 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 173 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |

### फरवरी, 2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| 174 | ROT कोर्स | बीकानेर | 01 से 5.03.2023 |
| 175 | उर्स मेला अजमेर | मण्डल स्तर पर | 03 से 09.02.2023 |
| 176 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 11 से 17.02.2023 तक |
| 177 | राज्य पुरस्कार समारोह | जगतपुरा, जयपुर | 20 से 23.02.2023 |
| 178 | स्टेट एड्वेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत नं. 1 | 21 से 25.02.2023 |
| 179 | कब/बुलबुल उत्सव | उदयपुर | 21 से 23.02.2023 |
| 180 | विश्व स्काउट दिवस/गाइड चिन्तन दिवस | सभी स्तरों पर | 22.02.2023 |
| 181 | मण्डल स्तरीय एडवेंचर गतिविधियां | मण्डल स्तर | 24 से 28.02.2023 |
| 182 | राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर | जिला/मण्डल स्तर | 28.02.2023 तक |
| 183 | बेणेश्वर मेला सेवा शिविर | डूंगरपुर | मेले के अनुसार |
| 184 | खाटू श्याम जी मेला शिविर | खाटूश्याम जी | मेले के अनुसार |
| 185 | जनजाति गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 186 | स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 187 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 8, 12, 17) | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 188 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 189 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |

**मार्च, 2023**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 190 | राष्ट्रीय डेजर्ट ट्रेकिंग शिविर | जैसलमेर | 01 से 05.03.2023 तक |
| 191 | हिमालय बुड बैज कोर्स(कब/स्काउट/रोवर) | आलनिया, कोटा | 01 से 07.03.2023 तक |
| 192 | हिमालय वुड बैज कोर्स (बुलबुल/गाइड/रेंजर) | पुष्करघाटी, अजमेर | 01 से 07.03.2023 तक |
| 193 | अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस–जन चेतना रैली | ग्रुप/स्था. संघ स्तर | 08.03.2023 |
| 194 | ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर सभा | जयपुर | 13 से 15.03.2023 तक |
| 195 | दिव्यांग गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2023 तक |
| 196 | अनाथालय गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2023 तक |
| 197 | पालनहार गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2023 तक |
| 198 | अनुसूचित जाति स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2023 तक |
| 199 | जनजाति गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2023 तक |
| 200 | ग्रामीण गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2023 तक |
| 201 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत नं. 1 | 21 से 25.03.2023 तक |
| 202 | सचिव/सर्कल ऑर्गेनाइजर्स सभा | मण्डल स्तर पर | 31.03.2023 तक |
| 203 | जिला कार्यकारिणी सभा | जिला स्तर पर | 31.03.2023 तक |
| 204 | प्लानिंग कमेटी | रा.मु.जयपुर | 31.03.2023 तक |
| 205 | राज्य कार्यकारिणी सभा | राज्य स्तर पर | 31.03.2023 तक |
| 206 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 207 | स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 208 | MOP पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 11, 13) | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 209 | आत्मरक्षा प्रशिक्षण | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 210 | कोरोना बचाव जागरूकता अभियान | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |

## राज्य स्तरीय मण्डलवार जम्बूरी सेवा शिविर

| क्र.स. | शिविर का नाम व मण्डल | दिनांक | सम्भागी एवं स्टॉफ |
|---|---|---|---|
| 1 | जम्बूरी सेवा शिविर– जोधपुर | 21 से 30.09.2022 | 200+10=210 |
| 2 | जम्बूरी सेवा शिविर– अजमेर | 01 से 10.10.2022 | 200+10=210 |
| 3 | जम्बूरी सेवा शिविर– बीकानेर | 11 से 20.10.2022 | 200+10=210 |
| 4 | जम्बूरी सेवा शिविर– जयपुर | 01 से 10.11.2022 | 300+15=315 |
| 5 | जम्बूरी सेवा शिविर– उदयपुर | 11 से 20.11.2022 | 300+15=315 |
| 6 | जम्बूरी सेवा शिविर– कोटा | 21 से 30.11.2022 | 300+15=315 |
| 7 | जम्बूरी सेवा शिविर– भरतपुर | 01 से 10.12.2022 | 400+20=420 |
| 8 | मूट/मीट /सेवा कार्य | 11 से 20.12.2022 | 700+35=735 |
| 9 | जम्बूरी सेवा/सम्मेलन शिविर | 21.12.2022 से 13.01.2023 | 500+35=535 |

**नोट :–** 1. जम्बूरी सेवा शिविरों में सभी संभागियो के भोजन की व्यवस्था राज्य संगठन द्वारा जम्बूरी मद से की जावेगी।
2. स्टाफ का यात्रा भत्ता नियमानुसार शिविर में ही देय होगा।
3. BSTC एवं रोवर/रेंजर मूट/मीट संभागियों का यात्रा व्यय स्वयं/संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा वहन किया जावेगा।
4. सर्विस रोवर/रेंजर का यात्रा व्यय शिविर में ही देय होगा।

**०१. शांति दूत – Messenger of Peace (MOP) प्रोजेक्ट सतत विकास गोल्स की सूची संलग्न है–**

1. गरीबी का अंत
2. भूखमरी समाप्त करना
3. स्वस्थ जीवन एवं आरोग्य
4. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
5. लैंगिक समानता
6. शुद्ध जल एवं स्वच्छता
7. किफायती एवं स्वच्छ ऊर्जा
8. सम्मानजनक कार्य और आर्थिक विकास
9. उद्योग, नवाचार और अवसंरचना
10. असमानता में कमी
11. संधारणीय शहर एवं समुदाय
12. सतत् उपभोग एवं उत्पादन
13. जलवायु परिवर्तन
14. पानी में जीवन (जलीय जीव संरक्षण)
15. भूमि पर जीवन(वृक्ष, पक्षी, वन्यजीव संरक्षण)
16. शांति, न्याय और सुदृढ़ संस्थान
17. लक्ष्यों के लिए भागीदारी

विशेष :–

1. राज्य सरकार द्वारा बजट प्राप्ति एवं तत्कालीन परिस्थितियों के मध्य नजर माननीय स्टेट चीफ कमिश्नर महोदय की सहमति से गतिविधियों के आयोजन एवं तिथियों में परिर्वतन सम्भव है।
2. दिनांक 13 अप्रेल, 2022 को आयोजित राज्य कार्यकारिणी समिति की सभा से अनुमोदित

# जिला मूल्यांकन एवं समन्वय समिति सभा

## बीकानेर संभाग में गत्र सत्र एवं आगामी कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

जिला बीकानेर की जिला मूल्यांकन एवं समन्वय समिति सभा का आयोजन अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्य.शि. सुनील बोड़ा की अध्यक्षता एवं सहायक स्टेट कमिश्नर राजेन्द्र जोशी के मुख्य आतिथ्य में 12 मई को मण्डल मुख्यालय सभागार में आयोजित की गई, जिसमें बीकानेर मण्डल के सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट मानमहेन्द्र सिंह भाटी, सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड सुयश लोढ़ा के मार्गदर्शन में 20 संभागियों ने गत सत्र 2021–22 की समीक्षा की एवं वार्षिक कार्यक्रमानुसार आगामी योजना पर चर्चा की।

जिला चूरू की जिला मूल्यांकन एवं समन्वय समिति सभा की बैठक अति. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय सभागार में आयोजित की गई। सहायक राज्य संगठन आयुक्त मानमहेन्द्र सिंह भाटी ने उपस्थित रहकर राज्य मुख्यालय की आगामी राष्ट्रीय जम्बूरी की तैयारियों एवं बीकानेर संभाग की याजनाओं पर चर्चा की। सी.ओ. स्काउट महिपाल सिंह तंवर ने गत सत्र की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया।

श्रीगंगानगर की जिला मूल्यांकन एवं समन्वय समिति सभा की बैठक जिला मुख्यालय सभागर में 28 अप्रेल को आयोजित की गई, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी ने अध्यक्षता की। मोनिका यादव सी.ओ. गाइड ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं आगामी कार्ययोजना तैयार की।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ के तत्वावधान में जिला मूल्यांकन एवं सेवा समिति की बैठक का आयोजन 29 अप्रेल को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि श्री मोहनलाल स्वामी स्काउट गाइड संरक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा श्री हंसराज जाजेवाल व जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा श्री रामेश्वर लाल गोदारा, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर श्री जितेंद्र बठला द्वारा सभी सम्मानित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक श्री हंसराज जाजेवाल ने कहा कि नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाए, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री वीरेंद्र कुमार गौतम द्वारा विद्यालयों में भारत स्काउट गाइड गतिविधि का यूनिट पंजीकृत करवाकर बच्चों को स्काउट गाइड गतिविधियों से जोड़ने के लिए निर्देश प्रदान किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा श्री रामेश्वर लाल गोदारा द्वारा राष्ट्रीय जंबूरी रोहट पाली में सक्रियता व तैयारी के साथ ग्रुपों को सहभागिता हेतु निर्देश प्रदान किए गए। प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर पीलीबंगा श्री पूर्ण रामदेव द्वारा सत्र 2021–22 की गतिविधियों का मूल्यांकन व सत्र 2022–23 में राज्य मुख्यालय से प्राप्त वार्षिक लक्ष्य संख्यात्मक व गुणात्मक वृद्धि पर सक्रियता से सभी सचिवों व स्काउटर, गाइडर को लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देश प्रदान किए गए। मंच का संचालन सी.ओ स्काउट द्वारा किया गया।









हमारे महापुरूष

# राम प्रसाद 'बिस्मिल'



◆ स्काउट गाइड ज्योति डेस्क

> देशप्रेम से ओतप्रोत रामप्रसाद बिस्मिल लखनऊ कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने के लिए जाने पर कुछ क्रांतिकारी विचारों वाले युवकों के सम्पर्क में आए। इन युवकों का मत था कि देश की तत्कालीन दुर्दशा के एकमात्र कारण अंग्रेज ही थे। रामप्रसाद भी इन विचारों से प्रभावित हुए। अतः देश की स्वतंत्रता के लिए उनके मन में कुछ विशेष काम करने का विचार आया।

सरफरोशी की तमन्ना
अब हमारे दिल में है,
देखना है जोर कितना
बाजु-ए-कातिल में हैं।

राम प्रसाद 'बिस्मिल' भारत के महान् स्वतन्त्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि उच्च कोटि के कवि, शायर, अनुवादक, बहुभाषाविद् व साहित्यकार भी थे जिन्होंने भारत की आजादी के लिये अपने प्राणों की आहुति दे दी।

पंडित रामप्रसाद 'बिस्मिल' किसी परिचय के मोहताज नहीं। उनके लिखे 'सरफरोशी की तमन्ना' जैसे अमर गीत ने हर भारतीय के दिल में जगह बनाई और अंग्रेजों से भारत की आजादी के लिए वो चिंगारी छेड़ी जिसने ज्वाला का रूप लेकर ब्रिटिश शासन के भवन को लाक्षागृह में परिवर्तित कर दिया। ब्रिटिश साम्राज्य को दहला देने वाले काकोरी काण्ड को रामप्रसाद बिस्मिल ने ही अंजाम दिया था।

11 जून, 1897 (ज्येष्ठ शुक्ल 11 संवत् 1954) में पंडित मुरलीधर की धर्मपत्नी ने द्वितीय पुत्र को जन्म दिया। इस पुत्र का जन्म मैनपुरी में हुआ था।

पंडित रामप्रसाद की माताजी एक साहसी महिला थीं। महानतम विपत्ति में भी धैर्य न खोना उनके चरित्र का एक सबसे बड़ा गुण था। वह किसी भी विपत्ति में सदा अपने पुत्र का उत्साह बढ़ाती रहती थीं। पुत्र के दुःखी अथवा अधीर होने पर वह अपनी ममतामयी वाणी से सदा उन्हें सांत्वना देती थीं। रामप्रसाद के परिवार में कन्याओं को जन्म लेते ही मार देने की एक क्रूर परम्परा रही थी। इस परम्परा को उनकी माताजी ने ही तोड़ा था। उन्हीं के कारण इस परिवार में पहली बार कन्याओं का पालन–पोषण तथा विवाह हुआ था।

## क्रांतिकारियों से संपर्क

देशप्रेम से ओतप्रोत रामप्रसाद बिस्मिल लखनऊ कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने के लिए जाने पर कुछ क्रांतिकारी विचारों वाले युवकों के सम्पर्क में आए। इन युवकों का मत था कि देश की तत्कालीन दुर्दशा के एकमात्र कारण अंग्रेज ही थे। रामप्रसाद भी इन विचारों से प्रभावित हुए। अतः देश की स्वतंत्रता के लिए उनके मन में कुछ विशेष काम करने का विचार आया। यहीं उन्हें यह भी ज्ञात हुआ कि क्रांतिकारियों की एक गुप्त समिति भी है। इस समिति के मुख्य उद्देश्य क्रांतिकारी मार्ग से देश की स्वतंत्रता प्राप्त करना था। वह सब ज्ञात होने पर बिस्मिल के मन में भी इस समिति का सदस्य बनने की तीव्र इच्छा हुई। वह समिति के कार्यों में सहयोग देने लगे। अपने एक मित्र के माध्यम से इसके सदस्य बन गए और थोड़े ही समय में वह समिति की कार्यकारिणी के सदस्य बना लिये गए। अब रामप्रसाद के मन में क्रान्तिकारियों की मदद के लिए धन की व्यवस्था करने का जुनून था।

## काकोरी काण्ड

राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में 10 लोगों ने सुनियोजित कार्रवाई के तहत यह कार्य करने की योजना बनाई। 9 अगस्त, 1925 को लखनऊ के काकोरी नामक स्थान पर देशभक्तों ने रेल विभाग की ले जाई जा रही संग्रहीत धनराशि को लूटा। उन्होंने ट्रेन के गार्ड को बंदूक की नोंक पर काबू कर लिया। गार्ड के डिब्बे में लोहे की तिजोरी को तोड़कर आक्रमणकारी दल चार हजार रुपये लेकर फरार हो गए। इस घटना में अशफाक उल्ला, चन्द्रशेखर आजाद, राजेन्द्र लाहिड़ी, सचीन्द्र सान्याल, मन्मथनाथ गुप्त, राम प्रसाद बिस्मिल आदि शामिल थे। काकोरी षड्यंत्र मुकदमे ने काफी लोगों का ध्यान खींचा। इसके कारण देश का राजनीतिक वातावरण आवेशित हो गया।

## महाप्रयाण

सभी प्रकार से मृत्यु दंड को बदलने के लिए की गयी दया प्रार्थनाओं के अस्वीकृत हो जाने के बाद बिस्मिल अपने महाप्रयाण की तैयारी करने लगे। अपने जीवन के अंतिम दिनों में गोरखपुर जेल में उन्होंने अपनी आत्मकथा लिखी। फाँसी के तख्ते पर झूलने के तीन दिन पहले तक वह इसे लिखते रहे। इस विषय में उन्होंने स्वयं लिखा है–

'आज 16 दिसम्बर, 1927 ई. को निम्नलिखित पंक्तियों का उल्लेख कर रहा हूँ, जबकि 19 दिसम्बर, 1927 ई. सोमवार (पौष कृष्ण 11 संवत 1984) को साढ़े छः बजे प्रातःकाल इस शरीर को फाँसी पर लटका देने की तिथि निश्चित हो चुकी है। अतएव नियत सीमा पर इहलीला संवरण करनी होगी।'

उन्हें इन दिनों गोरखपुर जेल की नौ फीट लम्बी तथा इतनी ही चौड़ी एक कोठरी में रखा गया था। इसमें केवल छः फीट लम्बा, दो फीट चौड़ा दरवाजा था तथा दो फीट लम्बी, एक फीट चौड़ी एक खिड़की थी। इसी कोठरी में भोजन, स्नान, सोना, नित्य कर्म आदि सभी कुछ करना पड़ता था। मुश्किल से रात्रि में दो चार घण्टे नींद आ पाती थी। मिट्टी के बर्तनों में खाना, कम्बलों का बिस्तर, एकदम एकान्तिक जीवनचर्या यही उनके अंतिम दिन थे। इस सबका उन्होंने अपनी आत्मकथा में बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया है।

## फाँसी का दिन

19 दिसम्बर, 1927 की प्रातः बिस्मिल नित्य की तरह प्रातः चार बजे उठे। नित्यकर्म, स्नान आदि के बाद संध्या उपासना की। अपनी माँ को पत्र लिखा और फिर महाप्रयाण बेला की प्रतिज्ञा करने लगे। नियत समय पर बुलाने वाले आ गए। 'वन्दे मातरम' तथा 'भारत माता की जय' का उद्घोष करते हुए बिस्मिल उनके साथ चल पड़े और बड़े मनोयोग से गाने लगे–

मालिक तेरी रजा रहे<br>
और तू ही तू रहे।<br>
बाकी न मैं रहूँ<br>
न मेरी आरजू रहे।।<br>
जब तक कि तन में जान<br>
रगों में लहू रहे।<br>
तेरा ही जिक्र या<br>
तेरी ही जुस्तजू रहे।।

फाँसी के तख्ते के पास पहुँचे। तख्ते पर चढ़ने से पहले उन्होंने अपनी अंतिम इच्छा व्यक्त की–

I Wish the downfall of British Empire

अर्थात 'मैं ब्रिटिश साम्राज्य का नाश चाहता हूँ' इसके बाद उन्होंने परमात्मा का स्मरण करते हुए निम्नलिखित वैदिक मंत्रों का पाठ किया–

ऊं विश्वानि देव सावितर्दुरितानि परासुव।<br>
यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

हे परमात्मा! सभी अच्छाइयाँ हमें प्रदान करो और बुराइयों को हमसे दूर करो' इत्यादि मंत्रों का पाठ करते हुए वह फाँसी के फंदे पर झूल गये।

## अंतिम संस्कार

जिस समय रामप्रसाद बिस्मिल को फाँसी लगी उस समय जेल के बाहर विशाल जनसमुदाय उनके अंतिम दर्शनों की प्रतीक्षा कर रहा था। जेल के चारों ओर पुलिस का कड़ा पहरा था। पार्थिव शरीर जनता को दे दिया गया। जनता ने बिस्मिल की अर्थी को सम्मान के साथ शहर में घुमाया। लोगों ने उस पर सुगन्धित पदार्थ, फूल तथा पैसे बरसाये। हजारों लोग उनकी शवयात्रा में सम्मिलित हुए। उनका अंतिम संस्कार वैदिक मंत्रों के साथ किया गया और वे इतिहास में सदैव के लिए अमर हो गये।

### CELEBRATIONS DAYS : JUNE-JULY, 2022

| | | |
|---|---|---|
| 05 June | : | World Environment Day |
| 14 June | : | World Blood Donation Day |
| 21 June | : | International Yoga Day |
| 26 June | : | International Day against Drug Abuse |
| 01 July | : | Forest Festival (Week) |
| 11 July | : | World Population Day |
| 22 July | : | National Flag Adoption Day |
| 28 July | : | World Nature-Conservation Day |
| 29 July | : | World Tiger Day |

**Plan an activity with your unit on these days and send your success stories & photos to "scoutguidejyoti@gmail.com"**

## विश्व पृथ्वी दिवस पर लगाये गये परिण्डा/चुग्गापात्र

| क्र.सं. | जिला | स्थानीय संघ की संख्या | संभागी संख्या | परिण्डों की संख्या | चुग्गा पात्र की संख्या | अतिथि का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर | 13 | 256 | 2560 | 985 | डॉ .एच.के. सेन |
| 2 | भीलवाड़ा | 12 | 1425 | 2378 | 948 | श्री हंसराज यादव |
| 3 | नागौर | 14 | 3570 | 3570 | 965 | श्री राजेन्द्र कुमार |
| 4 | टोंक | 5 | 5600 | 5680 | 2400 | श्री सुरेश चन्द्र जैन |
| 5 | भरतपुर | 10 | 1236 | 2674 | 462 | जिला कलक्टर श्री आलोक शर्मा |
| 6 | धोलपुर | 5 | 970 | 2210 | 415 | श्री नारायण सिंह टोगस |
| 7 | करौली | 7 | 1042 | 2230 | 782 | जिला कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह |
| 8 | सवाईमाधोपुर | 6 | 1072 | 2598 | 518 | श्रीमती मिथिलेश शर्मा |
| 9 | बीकानेर | 10 | 1020 | 1860 | 215 | जिला कलक्टर श्री भगवती प्रसाद |
| 10 | चूरू | 8 | 1514 | 1220 | 403 | श्री भंवरलाल डूडी |
| 11 | श्रीगंगानगर | 11 | 1858 | 415 | 133 | – |
| 12 | हनुमानगढ़ | 9 | 300 | 60 | 60 | श्री विक्रम सिंह |
| 13 | झुन्झुनूं | 12 | 4950 | 1700 | 210 | श्री जवाहर चौधरी |
| 14 | जयपुर | 17 | 12750 | 13100 | 750 | स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य |
| 15 | अलवर | 15 | 326 | 1620 | 48 | प्रो. डॉ. सुनिता मीणा |
| 16 | दौसा | 5 | 75 | 1375 | 45 | श्री गोविन्द नारायण माली |
| 17 | सीकर | 18 | 16304 | 4535 | 100 | शिक्षा मंत्री श्री बी.डी. कल्ला |
| 18 | जोधपुर | 13 | 1890 | 1225 | 920 | श्री एल.एन. मीणा |
| 19 | बाड़मेर | 8 | 1820 | 1180 | 840 | श्री देवकुमार पोटलिया |
| 20 | जैसलमेर | 6 | 712 | 660 | 428 | श्री देवी लाल |
| 21 | जालौर | 10 | 850 | 945 | 756 | श्री मंगला राम |
| 22 | पाली | 19 | 3860 | 2998 | 1256 | श्री चन्द्रभान |
| 23 | सिरोही | 7 | 2260 | 1956 | 1520 | श्री भंवर सिंह |
| 24 | कोटा | 7 | 2148 | 1892 | 1338 | श्री लोकेश ठाकुर |
| 25 | बांरा | 8 | 1879 | 1718 | 1224 | श्री विष्णुप्रकाश साबू |
| 26 | बून्दी | 7 | 2350 | 1280 | 640 | श्री अमानुल्लाह खान |
| 27 | झालावाड़ | 8 | 2048 | 429 | 315 | श्री पुरूषोत्तम माहेश्वरी |
| 28 | उदयपुर | 13 | 275 | 1201 | 551 | श्री दामोदर प्रसाद शर्मा |
| 29 | बांसवाड़ा | 7 | 1450 | 2250 | 465 | – |
| 30 | चित्तौड़गढ़ | 9 | 785 | 1500 | 675 | श्री प्रभुदयाल सैनी |
| 31 | डूंगरपुर | 5 | 450 | 750 | 250 | – |
| 32 | प्रतापगढ़ | 4 | 365 | 810 | 400 | श्री कैलाशचन्द्र तेली |
| 33 | राजसमन्द | 6 | 4200 | 1400 | 280 | श्री मोहनलाल बलाई |
| | कुल योग | 314 | 81610 | 71979 | 21297 | |



# गतिविधि पञ्चांग

## अन्तर्राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| NAME OF EVENTS | MONTHS & DATES | VENUE |
|---|---|---|
| International Jamboree of Denmark 2022 | 23 - 31 July, 2022 | Hedeland Naturpark (Copenhagen) |
| 25th World Scout Jamboree | 01 - 12 August, 2023 | Saemangeum, Korea |
| 14th Asia Pacific Conference (WAGGGS) | 10 - 14 August, 2022, | Thailand - Virtual |
| GYM AP Regional Youth Summit - SANGAM | 07 - 11 November, 2022 | Sangam, Pune |
| Juliette Low Seminar (JLS) 2022 | 02 - 11 December, 2022 | Virtual |
| 32nd Asia-Pacific Regional Scout Jamboree | 11 - 19 December, 2022 | Bangladesh |

**National Headquarters website : www.bsgindia.org**



भरतपुर संभागीय आयुक्त श्री सांवरमल वर्मा से शिष्टाचार भेंट कर अभिनन्दन करते हुए मण्डल के अधिकारीगण



स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र आबूपर्वत का अवलोकन के दौरान राइफल शुटिंग करते हुए राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन



स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र पुष्करघाटी, अजमेर का अवलोकनकरते हुए राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन



जालोर जिला मूल्यांकन समिति बैठक में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुआरडा के स्काउटर बखेडू राम स्काउट मुख्यालय के लिए सी.ओ. स्काउट एम.आर. वर्मा को एक छत का पंखा भेंट करते हुए






राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव के समापन समारोह में संभागियों को संविधान की प्रस्तावना व मूल कर्तव्यों की शपथ दिलाते राज्यपाल श्री कलराज मिश्र (ऊपर) एवं स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य का अभिनंदन करते हुए बांसवाड़ा के जिला कलेक्टर श्री प्रकाश चन्द्र शर्मा (नीचे)।

प्रकाशक व मुद्रक : डॉ. पी.सी. जैन, राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स व गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर फोन नं. 0141–2706830 द्वारा मैसर्स हरिहर प्रिण्टर्स, जे–97, अशोक चौक, आदर्श नगर, जयपुर–302004 फोन : 0141–2600850 से मुद्रित।

हिन्दी मासिक एक प्रति ₹ पन्द्रह

प्रकाशन – प्रत्येक माह

पंजीकृत समाचार पत्रों की श्रेणी के अन्तर्गत

आर.एन.आई. नम्बर : RAJ BIL/2000/1835

प्रेषक :–

राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर–302015

फोन : 0141–2706830, 2941098

ई–मेल : scoutguidejyoti@gmail.com

Follow us on : facebook.com/scoutguidejyoti